e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 229
बुधवार
21.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12। मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### दिल्ली के 8 शॉपिंग मॉल्स और एम्स समेत कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली के शॉपिंग मॉल्स और अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। अस्पतालों में एम्स, सफदरजंग जैसे बड़े अस्पताल शामिल हैं। इस धमकी के बाद से पूरा पुलिस महकमा अलर्ट हो गया है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि राजधानी के अलग-अलग शॉपिंग मॉल्स को बम की धमकी वाला मेल मिला है। धमकी भरे मेल के संबंध में जब एम्स मीडिया सेल से जानकारी मांगी गई तो अभी तक एम्स मीडिया सेल की ओर से इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई है। दिल्ली के कई अस्पतालों को मंगलवार को बम की धमकी वाले ईमेल मिले, जिसके बाद अधिकारियों ने उनके परिसरों की तलाशी शुरू की।

### रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष ने महाकुम्भ के कार्यों का लिया जायजा

**प्रयागराज :** रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं सीईओ श्रीमती जया वर्मा सिन्हा ने मंगलवार की सुबह प्रयागराज में महाकुम्भ मेला के कार्यों का निरीक्षण कर चल रहे तमाम विकास कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों संग समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये। तत्पश्चात् उन्होंने पत्रकारों से वार्ता की।प्रयागराज जंक्शन के कंट्रोल टावर पर उन्होंने महाकुम्भ को लेकर किए जा रहे क्राउड मैनेजमेंट प्लान के बारे में जानकारी हासिल की। जंक्शन पर उन्होंने स्लीपिंग पॉड का भी जायजा लिया। भीड़ बढ़ने की दशा में किस फुट ओवरब्रिज का इस्तेमाल होगा, किस अधिकारी को जिम्मेदारी दी जाएगी, इसके बारे में जानकारी ली।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा के प्रथम चरण के मतदान की अधिसूचना जारी कर दी। पहले चरण में किश्तवाड़, अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिले में मतदान होगा। इस चरण के लिए 27 अगस्त तक नामांकन किया जा सकेगा। नामांकन की जांच 28 अगस्त को और नाम वापसी 30 अगस्त तक होगी। चुनाव आयोग ने पिछले शुक्रवार को दो राज्यों जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनावों की घोषणा की थी। जम्मू-कश्मीर में 3 चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा। हरियाणा में एक चरण में 1 अक्टूबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों की मतगणना 4 अक्टूबर को होगी।

### जमशेदपुर में प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलट लापता

**जमशेदपुर:** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से मंगलवार को उड़ान भरने के बाद ट्रेनी विमान की क्रैश लैंडिंग हुई। विमान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। चालक दल का पता नहीं चल पाया है। विमान में दो चालक सवार थे। उम्मीद की जा रही है कि विमान की क्रैश लैंडिंग के वक्त दोनों पायलट इजेक्ट कर गये होंगे। फिलहाल, दोनों की खोजबीन में हेलीकॉप्टर की मदद ली जा रही है।

### घर पर पेड़ गिरने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

**लातेहार:** जिला के हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदरलोरिया गांव में मंगलवार शाम को तीनों बच्चे अपने घर के पास में खेल रहे थे. इसी दौरान तेज आंधी चलने लगी इसके बाद तीनों बच्चे दौड़कर अपने घर में चले गए. इसी बीच तेज हवा के कारण अचानक सूखा हुआ सिमर का पेड़ कजरू भुइयां के घर पर गिर गया. इस घटना में कजरू भुइयां के तीन बच्चों की मौत हो गई. इनमें एक लड़का और दो लड़कियां हैं. इस घटना के बाद पूरे गांव में हाहाकार मच गया है. ग्रामीणों के अनुसार पेड़ काफी दिनों से सूखा हुआ था. हालांकि किसी को ऐसी संभावना नहीं थी कि पर अचानक घर पर गिर जाएगा. परंतु मंगलवार को पेड़ कजरु के घर पर गिरा जिससे उसके तीनों बच्चों की मौत हो गयी.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30⁰ |
| न्युनतम | 24⁰ |

## कोलकाता के डॉक्टर दुष्कर्म-हत्या मामले में हुई सुनवाई, महाराष्ट्र में दुष्कर्म के बाद बवाल

# सुप्रीम कोर्ट ने किया टास्क फोर्स के गठन का एलान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल रहे। बेंच ने इस मामले में पीड़िता की पहचान उजागर होने पर चिंता जाहिर की। साथ ही केस में पुलिस जांच से लेकर आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष की भूमिका तक पर सवाल उठाए। कोर्ट ने मामले में आठ सदस्यीय टास्क फोर्स के गठन का फैसला किया। इसमें एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवासन के अलावा कई और डॉक्टरों का नाम शामिल किया गया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि ये सिर्फ एक मर्डर का मामला नहीं है। हमें डॉक्टरों की सुरक्षा की चिंता है। बेंच ने कहा कि महिलाएं सुरक्षा से वंचित हो रही हैं। बेंच ने कहा कि आखिर ऐसे हालात में डॉक्टर कैसे काम करेंगे। हमने देखा है कि उनके लिए कई जगहों पर रेस्ट रूम तक नहीं होते। आज महिलाएं तेजी से वर्कप्लेस में शामिल हो रही हैं। इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और बदलाव लाने के लिए एक और बलात्कार का इंतजार नहीं कर सकते। चिकित्सा पेशे में हिंसा की आशंका बढ़ गई है। पुरुष प्रधान सोच के कारण महिला डॉक्टरों को ज्यादा निशाना बनाया जाता है।

### पीड़िता की पहचान उजागर होने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

सुप्रीम कोर्ट की तरफ से पीड़िता की पहचान उजागर करने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की गई। कोर्ट ने कहा कि यह घटना दुखद है। सुप्रीम कोर्ट ने एलान किया कि इस घटना के बाद डॉक्टरों की स्थिति को लेकर नेशनल टास्क फोर्स बनाने जा रहे हैं। यह टास्क फोर्स कोर्ट की निगरानी में काम करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सीबीआई से 22 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट भी तलब की। साथ ही सीबीआई को तीन महीने के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने तीन हफ्ते के अंदर टास्क फोर्स से रिपोर्ट मांगी।

### मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल-पुलिस जांच पर उठाए सवाल

#### पुलिस की कार्रवाई पर भी उठाए सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पुलिस की कार्रवाई और पीड़िता के परिवार को अंधेरे में रखने से जुड़े आरोपों को लेकर भी सवाल पूछे। कोर्ट ने कहा कि ये एक अपराध का मामला नहीं है। इस मामले में एफआईआर दर्ज करने में भी देर हुई। यह अस्पताल की जिम्मेदारी थी कि वह एफआईआर दर्ज कराए। लेकिन देर रात एफआईआर दर्ज कराई गई। अस्पताल प्रबंधन इस मामले में आखिर कर क्या रहा था? अभिभावकों को भी पीड़िता का शव काफी देर बाद सौंपा



#### डॉक्टर काम पर लौट आएं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा,अगर महिलाएं काम पर नहीं जा पा रही हैं और काम करने की स्थितियां सुरक्षित नहीं हैं तो हम उन्हें समानता से वंचित कर रहे हैं। ज्यादातर युवा चिकित्सक 36 घंटे काम करते हैं, हमें काम करने की सुरक्षित स्थितियां सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल बनाने की जरूरत है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम सभी स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा से संबंधित मामले पर विचार कर रहा है, इसलिए हम देशभर में विरोध-प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों से अनुरोध करते हैं कि वे काम पर लौट आएं, क्योंकि इससे मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं मिलने में दिक्कत आ रही है।

### प्राचार्य संदीप घोष पर भी उठाए कई सवाल

कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य संदीप घोष को लेकर भी कई सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद डरावनी घटना है। प्रिंसिपल ने इस मामले को पहले सुसाइड बताने की कोशिश की। आखिर प्रिंसिपल कर क्या रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आखिर इस मामले के बाद प्रिंसिपल की नियुक्ति दूसरी जगह कैसे कर दी गई ?

## महाराष्ट्र में 2 बच्चियों के साथ दुष्कर्म आक्रोशित लोगों ने रोका ट्रेन



**बदलापुर (महाराष्ट्र):** ठाणे जिले के बदलापुर शहर स्थित एक प्रसिद्ध स्कूल के टॉयलेट में सफाईकर्मी द्वारा दो छोटी बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। मामला सामने आने के बाद स्कूल के अभिभावकों के साथ ही आम लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। घटना के विरोध में बदलापुर रेलवे स्टेशन से लेकर सड़कों पर भारी संख्या में लोग विरोध-प्रदर्शन किया।लोगों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने यौन उत्पीड़न मामले में एसआईटी जांच के आदेश दे दिए हैं।आरोपी सफाईकर्मी की पहचान अक्षय शिंदे के रूप में हुई है, जो एक थर्ड पार्टी कंपनी के जरिए कॉन्ट्रैक्ट क्लीनर के तौर पर स्कूल में काम करता था। उत्पीड़न की शिकार बच्चियों के माता-पिता ने जब शिंदे के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराने पर जोर दिया तब पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की है। पीड़ित बच्चियों के माता-पिता ने अपराधी के लिए मृत्युदंड की मांग करते हुए बदलापुर शहर को बंद करने का आह्वान किया है। मंगलवार को लोगों की भीड़ ने रेलवे की पटरियों पर विरोध-प्रदर्शन करते हुए लोकल ट्रेनों को रोक दिया, जिससे कल्याण और कराजात के बीच लोकल ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया। सेंट्रल रेलवे ने बयान जारी करके असुविधा के लिए खेद जताया है। घटना का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने जांच के लिए एक टीम बदलापुर भेजने का फैसला लिया है। इस बीच स्कूल ने एक बयान जारी करके घटना पर खेद जताया और छात्रों की सुरक्षा में गंभीर चूक को स्वीकार किया। स्कूल प्रसाशन ने अधिकारियों के साथ पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।स्कूल प्रबंधन ने प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया है। जिस क्लास में दोनों बच्चियां पढ़ती थीं उसके प्रभारी शिक्षक और छात्राओं को शौचालय तक ले जाने के लिए जिम्मेदार दो अटेंडेंट को भी बर्खास्त किया गया है। साथ ही स्कूल प्रशासन ने आरोपी को काम पर रखने वाली कंपनी के साथ अपना अनुबंध भी खत्म कर दिया है और ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर दिया है।सरकार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बदलापुर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर का तबादला कर दिया है। इंस्पेक्टर पर केस को दबाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है।

## लेटरल एंट्री से सीधी भर्ती रोकने का केंद्र ने यूपीएससी को दिया आदेश



**नई दिल्ली :** यूपीएससी के जरिए लेटरल एंट्री पर इस कदर विवाद छिड़ा कि सरकार ने इसके विज्ञापन पर रोक लगाने का आदेश दे दिया है. केंद्र सरकार ने मंगलवार को सीधी भर्तियों वाले उस विज्ञापन पर रोक लगाने का आदेश दिया है, जिसे यूपीएससी ने जॉइंट सेक्रेट्री और डायरेक्टर पद पर भर्ती के लिए शनिवार को जारी किया था. पीएम मोदी के निर्देश पर मंत्री ने यूपीएससी अध्यक्ष को लेटरल एंट्री रद्द करने के लिए पत्र लिखा. लेटरल एंट्री वाले विज्ञापन पर पीएम मोदी के निर्देश पर रोक लगाने का आदेश दिया गया है.17 अगस्त को जारी विज्ञापन में यूपीएससी ने लेटरल एंट्री के जरिए 45 भर्तियां निकाली थीं. ये भर्तियां जॉइंट सेक्रेट्री, डिप्टी सेक्रेट्री और डायरेक्टर लेवल की थीं. विपक्ष जिसकी जमकर आलोचना कर रहा था. दरअसल बिना यूपीएससी एग्जाम दिए ही इन पदों पर सीधी भर्ती होनी थी. उस विज्ञापन पर विवाद के बाद रोक लगाने का आदेश दिया गया है.राहुल गांधी, अखिलेश यादव, मायावती और लालू यादव समेत तमाम नेता इसका विरोध कर रहे हैं.इस संबंध में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार लेटरल एंट्री में बिना आरक्षण के भर्ती की साजिश कर रही थी, लेकिन अब इस फैसले को वापस लेना पड़ा है। यह संविधान की जीत है।

# आज भारत बंद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति की ओर से आज भारत बंद बुलाया गया है। झारखंड प्रदेश के कई जिलों में इसको लेकर कार्यकर्ता एकजुट हो गए हैं. इसके साथ ही प्रदेश के अन्य संगठन के भी इसमें शामिल होने की संभावना है. प्रदेश की सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के साथ साथ लेफ्ट ने भी इस बंद को अपना समर्थन दिया है. झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति के महासचिव विनोद कुमार पांडेय द्वारा जारी पत्र में पार्टी के केंद्रीय सदस्यों और पदाधिकारियों, जिला अध्यक्ष, सचिव और संयोजक को संबोधित करते हुए लिखा गया है कि विगत दिनों एससी,एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण पर भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय एससी,एसटी वर्ग के उत्थान और मजबूती के मार्ग में बाधक है.

सामाजिक संगठनों द्वारा उक्त निर्णय के विरोध में 21 अगस्त को प्रातः 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक संपूर्ण भारत बंद का निर्णय लिया गया है. पार्टी नेतृत्व द्वारा इस भारत बंद कार्यक्रम को सक्रिय समर्थन देने का निर्णय लिया गया है. बता दें कि आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति की ओर से भारत बंद का आह्वान किया गया है. इस राष्ट्व्यापी प्रदर्शन में संघर्ष समिति के अलावा कई संगठन और राजनीतिक दलों का समर्थन प्राप्त हो रहा है. जिसमें बहुजन समाजवादी पार्टी ने इस बंद को अपना समर्थन दिया है. इसके साथ ही राजस्थान के एससी,एसटी समूहों ने भी इस बंद का समर्थन किया है.आरक्षण बताओ संघर्ष समिति की ओर से ये प्रदर्शन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में किया जा रहा है.

# पलामू : 22 चोर गिरफ्तार, जेल

**चोरी की घटना में शामिल अपराधियों के घर-पकड एवं चोरी गये सामानों की बरामदगी हेतू पुलिस अधीक्षक पलामू के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने पलामू प्रमंडल में विभिन्न घरों में हुई चोरी की घटना का उद्भेदन किया है। पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल महिला व पुरुष सहित 22 चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस संबंध में पलामू एसपी रिशमा रमेशन ने बताया की विगत दो-ढाई महिना से पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिला के शहरी क्षेत्रों में चोरी की घटना में अप्रत्याशित रूप से अचानक वृद्धि हुई थी। उक्त चोरी की घटना में शामिल अपराधियों के घर-पकड एवं चोरी गये सामानों की बरामदगी हेतू पुलिस अधीक्षक पलामू के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में छापामारी दल को यह सूबना मिली कि पलामू प्रक्षेत्र में मध्य प्रदेश के गुना जिला के पारदी समुदाय के लोग काफी संख्या में रेहला में अस्थायी टेन्ट का निर्माण कर रह रहे है। जिसमें कई पुरूष, महिलायें एवं बच्चे है। इन लोगों के द्वारा दिन के समय में खिलौना एवं बैलून बेचने के नाम पर पूरे शहर में टोली बनाकर वैसे घरों को रेकी किया जाता है।

उपरोक्त सूचना के आधार पर गठित छापामारी दल के द्वारा रेहला में रह रहे पारदी समुदाय के महिला एंव पुरूष को पकड़कर पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान उक्त लोगों के द्वारा पलामू में करीब 15 कांड, लातेहार से 3 कांड एवं गढ़वा शहर से 02 कांड एवं अन्य विभिन्न जगहो से चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार की। गया का सोनार मनोज कुमार इन लोगों से चोरी का गहना खरीदता था।इसे भी गिरफ्तार किया गया है।

छापामारी अभियान में डीएसपी मणि भूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा आदि शामिल थे।

## दिल्ली में भाजपा के किसी नेता से मेरी मुलाकात नहीं हुई : चंपाई सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन प्रकरण पर राज्य की राजनीति में काफी उथल-पुथल मचा हुआ है। पूरा पिक्चर अब तक क्लीयर नहीं है। इस बीच चंपाई सोरेन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मेरी किसी से मुलाकात नहीं हुई है। निजी काम से मैं दिल्ली आया था। मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं कि यह सब कौन कह रहा है। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या आप यहां भाजपा के नेता से मिलना चाहते थे तो उन्होंने इस बात को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा के किसी नेता से न मिलना चाहता था और न ही मेरी मुलाकात हुई। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे झामुमो से नाराजगी का कारण पूछा। उन्होंने कहा कि मैं इस बात को पहले बता दिया हूं। जब उनसे झामुमो के सिंबल से ही चुनाव लड़ने की बात पूछी गयी तो उन्होंने कहा कि मैंने इन सारी बातों की जानकारी पहले दे दी है। इतना कहकर वह आगे निकल गये। राजनीतिक गलियारों इस बात की चर्चा तेजी से फैली है कि वह भाजपा ज्वॉइन करने वाले हैं। हालांकि, ये बात अब तक कयासों तक ही सीमित है। दूसरी तरफ उनके साथ जिन विधायकों के झामुमो छोड़ने की बात कही जा रही थी वे सभी इसे सिरे से खारिज कर चुके हैं।उल्लेखनीय है कि चंपाई सोरेन के 18 अगस्त के पोस्ट से झारखंड में सियासी भूचाल मचा हुआ है।

## भाजपा ने राज्यसभा प्रत्याशियों की जारी की सूची

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। किरण चौधरी, रवनीत सिंह बिट्टू को भाजपा ने राज्यसभा भेजने का फैसला लिया है। पार्टी ने कुल नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की है। नौ राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों के लिए 3 सितंबर को उपचुनाव होना है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। केंद्रीय मंत्रियों पीयूष गोयल, सर्बानंद सोनोवाल और ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत मौजूदा सदस्यों के लोकसभा सांसद के तौर पर निर्वाचित होने के बाद राज्यसभा की 10 सीटें खाली हो गई थीं। वहीं बाद में राज्यसभा के दो सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था। जिन नौ राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों के उपचुनाव का कार्यक्रम जारी किया गया है, उनमें सात सीटें भाजपा, दो कांग्रेस और एक-एक राष्ट्रीय जनता दल (राजद), बीआरएस और बीजद के पास थीं।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

झारखंड में है जनसरोकार की सरकार, पूरे राज्य में हो रहा है विकास : मंत्री मिथिलेश

## गढ़वा में 23 करोड़ रुपए की लागत से होगा पांच सड़कों का निर्माण, झारखंड सरकार ने दी स्वीकृति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में लगभग 23 करोड़ रुपए की लागत से पांच सड़कों का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें गढ़वा में दो, मेराल में दो तथा रमकंडा प्रखंड में एक सड़क का निर्माण शामिल है। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत इन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा प्रखंड में पीडब्ल्यूडी पथ प्रतापपुर ईदगाह से आरईओ रोड जाला तक पांच करोड़ 42 लाख 55 हजार 600 रुपए की लागत से 5.75 किमी, एनएच 343 से सोह तक एक करोड़ 80 लाख 85 हजार 700 रुपए की लागत से 1.53 किमी, मेराल प्रखंड में गढ़वा चिनियां मुख्य पथ (पेशका ऑफिस) से बगेशर स्कूल तक सात करोड़ 13 लाख छह हजार 900 रूपये की लागत से 7.7 किमी, लोवादाग पीएमजीएसवाई रोड से मदरसा टोला होते हुए अधौरा स्कूल तक तीन करोड़ 31 लाख 45 हजार 200 रूपये की लागत से 2.6 किमी तथा रमकंडा प्रखंड में चेटे मुख्य पथ द्वारिका साव के घर से चतरीटांड़ होते हुए गम्हरिया स्कूल तक चार करोड़ 94 लाख छह हजार 700 रूपये की लागत से 4.05 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर इन सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनहित में इन सड़कों का निर्माण अतिआवश्यक है। इनकी स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। लोगों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इन सड़कों के निर्माण से दो दर्जन से अधिक गावों के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। मंत्री ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोग इन सड़कों के निर्माण की हमेशा मांग करते थे। ग्रामीणों की मांग अब पूरी हो गई है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड में जनसरोकार की सरकार है। जनता की हर समस्या दूर करना सरकार का कर्तव्य है। गढ़वा सहित पूरे राज्य में हर क्षेत्र में चौतरफा विकास हो रहा है। सभी तबके के लोगों, महिलाओं आदि सभी को पूरा मान, सम्मान एवं उनका अधिकार दिया जा रहा है। आज सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से राज्य की आधी आबादी लाभान्वित हो रही है। सभी बेटी, बहनों के खाते में पैसा आना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में आज हर ओर विकास का डंका बज रहा है।

## समाजसेवी बबलू सिंह ने अपने निजी खर्च से बनवाया एक किमी सड़क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड एक के भोलाटांड गांव में वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह द्वारा निजी खर्च से एक किलोमितर लंबा सड़क बनवाया गया.यहां बताते चलें कि मुख्य पथ से भोलाटांड़ गांव जाने वाला कच्चा सड़क गड्ढों में तब्दील हो गया था। इसके अलावा पूरा सड़क कीचड़युक्त हो गया था। जिससे ग्रामीणों का आना जाना परेशानी का सबब बन चुका था। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने बबलू सिंह से सड़क मरम्मत करवाने का आग्रह किया था। जिसके बाद श्री सिंह ने पहले जेसीबी मशीन लगवाकर सड़क को समतल कराया। उसके बाद मेटल मोरंग डलवाकर सड़क का निर्माण करवाया। मंगलवार को अंजू अभिमन्यु टीम के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा, टीम प्रभारी सलीमुदिन अंसारी, प्रवीन सिंह आदि ने सड़क निर्माण कार्य का स्थलीय जायजा लिया और अपने देखरेख में निर्माण कार्य पूरा कराया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## रेहला थाना परिसर में हुआ पुलिस पब्लिक मीट का आयोजन



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला थाना परिसर में मंगलवार को पुलिस पब्लिक मीट का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नवनियुक्त थाना प्रभारी संतोष कुमार ने किया.इस दौरान पुलिस द्वारा अपराध और अवैध कारोबार पर पूर्ण नियंत्रण हेतु लोगों से सुझाव मांगते हुए सहयोग का अपील किया गया.थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि थाना लोगों के लिए न्याय का पहला उम्मीद होता है, जिसपर रेहला पुलिस शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेगी। किसी के साथ भी अन्याय न हो इसका पूरा ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था को भंग नही होने दिया जायेगा। मौके पर एसआई मोहम्मद एनामुल हक खान, एएसआई कुशेश्वर सिंह, मुन्ना पासवान, मोहन यादव, सांसद प्रतिनिधी अनुज पांडेय, जिला पार्षद विजय रविदास, वरीय बसपा नेता गोपाल राम, डॉ डी पी शुक्ला, आलोक शुक्ला, दिनेश शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

## बिना कामना के भक्ति करने वाला सर्वश्रेष्ठ भक्त : जीयर स्वामी



**पंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** निगम क्षेत्र के सिंगरा चातुर्मास व्रत कथा में जीयर स्वामी जी ने कहा की श्रीकृष्ण ने चार प्रकार के भक्तों का वर्णन किया है. आर्त, जिज्ञासु, अर्थार्थी और ज्ञानी भक्त. ये चार प्रकार के भक्त मेरा भजन किया करते हैं. इनमें से सबसे निम्न श्रेणी का भक्त अर्थार्थी है. उससे श्रेष्ठ आर्त, आर्त से श्रेष्ठ जिज्ञासु, और जिज्ञासु से भी श्रेष्ठ ज्ञानी है. आर्त भक्त वह है जो शारीरिक कष्ट आ जाने पर या धन-वैभव नष्ट होने पर, अपना दुःख दूर करने के लिये भगवान् को पुकारता है.जिज्ञासु भक्त अपने शरीर के पोषण के लिये नहीं वरन् संसार को अनित्य जानकर भगवान् का तत्व जानने और उन्हें पाने के लिये भजन करता है। अर्थार्थी भक्त वह है जो भोग, ऐश्वर्य और सुख प्राप्त करने के लिये भगवान् का भजन करता है. उसके लिये भोग पदार्थ व धन मुख्य होता है और भगवान् का भजन गौण.ज्ञानी भक्त सदैव निष्काम होता है. ज्ञानी भक्त भगवान् को छोड़कर और कुछ नहीं चाहता है. इसलिये भगवान् ने ज्ञानी को अपनी आत्मा कहा है. इनमें से जो भक्त परम ज्ञानी है और शुद्ध भाव से भक्ति में लगा रहता है वह सर्वश्रेष्ठ भक्त है।

## बीडीओ ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने मंगलवार को मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को लेकर समीक्षा बैठक किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में सभी कर्मियों द्वारा तन्मयता से योजना को बहुत ही कम समय में सफल बनाने के लिये बधाई दिया। बैठक में सभी मुखिया सहित सभी जनप्रतिनिधियों से आगामी 22अगस्त को मेदिनीनगर में माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अनुरोध किया। सभी उपस्थित लोगों से विचार विमर्श कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रूपरेखा तैयार किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया की उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के अधिक से अधिक लाभुको को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जाय। बैठक में प्रभारी बीपीआरओ बिरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार, कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार, रविन्द्र मिंज, पंचायत सचिव नंद कुमार मेहता, अमन कुमार केशरी, सरोती कुमारी, के एम सीमा सहित मुखिया उपस्थित थे। बैठक में प्रभारी बीपीआरओ वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार, कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार, रविन्द्र मिंज, पंचायत सचिव नंद कुमार मेहता, अमन कुमार केशरी, सरोती कुमारी, के एम सीमा, मुखिया अनुराधा देवी, कुमारी रेखा, उषा देवी, सिविष्टियानी देवी, फिरदौस अंसारी, विवेक कुमार, ओम प्रकाश उरांव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पिपरा थाना प्रभारी ने सुदूरवर्ती क्षेत्र में किया फुटबॉल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने पंचायत सरैया के रोन्धा पिठोंरा बिश्रामपुर समेत विभिन्न गांव में बच्चों के बीच फुटबॉल का वितरण किया इस मौके पर पंचायत के समाजसेवी विकास तिवारी भी उनके साथ मौजूद थे. थाना प्रभारी ने कहा कि जब हम लोग गस्ती पर निकलते हैं तो बहुत सारे बच्चों को इधर-उधर घूमते हुए देखते हैं इन्ही बात को लेकर आज उन बच्चों के बीच फुटबॉल का वितरण किए हैं. आगे भी खेल सामग्री का वितरण करेंगे। ताकि बच्चे मैदान में जाकर खेलकूद पर ध्यान दें एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिक का विकास होता है एवं उनका ध्यान खाली समयों में गलत कार्य पर न जाए। इस सोच के साथ आज बच्चों के बीच फुटबॉल बांटा गया है. वही समाजसेवी विकास तिवारी ने कहा कि जल्दी पंचायत क्षेत्र में एक अच्छा खेल मैदान का निर्माण कराया जाएगा। जहां खेल कर पंचायत क्षेत्र के बच्चों का प्रतिभा में विकास आएगा। पंचायत क्षेत्र के किसी भी बच्चे को खेल सामग्री की जरूरत हो तो हमसे आकर संपर्क करें। सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर दिनेश सिंह अजय ठाकुर नीतिश सिंह रंजन सिंह सागर सिंह मनीष तिवारी प्रफुल्ल पाठक विकास भुइया पुलिसकर्मी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में स्वतंत्रता दिवस पर विवाद, बीडीओ की अनुपस्थिति से प्रखण्ड प्रमुख नाराज

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश भर में 78 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, लेकिन हुसैनाबाद प्रखण्ड में इस दिन एक बड़ा विवाद उत्पन्न हो गया। प्रखण्ड कार्यालय में ध्वजारोहण के दौरान बीडीओ रौशन कुमार की अनुपस्थिति ने शहर में चर्चा का विषय बना दिया है। कार्यक्रम की पूर्व-निर्धारित समय सारणी के अनुसार, प्रखण्ड कार्यालय में 8:10 बजे ध्वजारोहण का समय तय था, लेकिन बीडीओ 8:25 बजे विलंब से कार्यालय पहुंचे। इस बीच, प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी और अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने पहले ही ध्वजारोहण कर दिया था।शहर के चौक-चौराहों पर इस घटना को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। नागरिकों ने सवाल उठाए कि क्या हुसैनाबाद के अधिकारियों में इतना घमंड है कि वे देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के सामने से गुजरते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देना भी भूल जाते हैं। इस तरह की घटनाओं ने स्वतंत्रता दिवस समारोहों की सार्थकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी ने बीडीओ पर तानाशाही और मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि यह घटना जानबूझकर की गई है, और इसे देश के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करार दिया।

## मनरेगा योजना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्रखंड सभागार कक्ष में मंगलवार से मनरेगा योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसमें मुखिया पंचायत सचिव व संबंधित पंचायत के वीएलई शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख गायत्री देवी उप प्रमुख सुनील सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा कि मुखिया प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारियां प्राप्त कर पंचायत को तकनीकी रूप से स्वालंबी बनाएं और कहा कि मनरेगा में सरकार अकुशल मजदूरों को 100 दिन रोजगार की गारंटी देती है। मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने में कई तकनीकी प्रक्रिया सामने आती है अब सारी तकनीकी सुविधाएं पंचायत में ही उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा संबंधित सभी संसाधन पंचायत में उपलब्ध हो जाने के बाद लोगों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। पंचायत में ही सारी सुविधाएं उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर पूनम सिंह, सविता कुमारी, मुखिया सुमन गुप्ता, अमितेश कुमार सिंहव नरेश पासवान ने मनरेगा के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समन्वयक अमित चौबे जीपीएस राधेश्याम राम मुखिया पंचायत सचिव व वीएलई शामिल थे।

## मौमिता के हत्यारे को फांसी दो : एआईएसएफ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** ट्रेनी डॉक्टर मौमिता के बलात्कार और हत्या के विरोध में आज AISF पलामू ने विरोध प्रदर्शन किया बिरोध प्रदर्शन इप्टा के कार्यालय से जुलूस के शक्ल में होते हुए छः मुहन पहुंचा। जहां AISF के छात्र मौमिता हम शर्मिंदा है तेरे कातिल अभी जिंदा है। मौमिता को न्याय दो बलात्कारियों को फांसी दो। ममता बनर्जी हाय हाय जैसे नारे लगा लगा रहे थे। कैंडल मार्च में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कर राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, उपस्थित थे उन्होंने कहा कि आए दोनों रेप एवं हत्या की मामला दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है यह जगणतम अपराधों में एक है लेकिन सरकार इस पर कड़ा कानून नहीं बना रही है रेपिस्टों को गिरफ्तार कर एक महीना के अंदर उनको फांसी की सजा देनी चाहिए। मौके पर जितेंद्र सिंह श्रद्धानंद तिवारी आलोक तिवारी अभय कुमार, आर्यन पांडे, रितेश पांडे, आशुतोष पांडे, विवेक, चंद्रशेखर तिवारी, शाहिद 50 छात्र नौजवान ने कैंडल जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## अमित पांडेय ने फिता काटकर किया केंदवाही में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के सदर प्रखंड के केंदवाही गाँव में आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस टूर्नामेंट का आयोजन ग्रामीण युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उनके शारीरिक व मानसिक विकास के लिए किया गया है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अमित पाण्डेय ने फुटबॉल को किक मारकर टूर्नामेंट की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को स्वस्थ जीवन जीने और टीम भावना को विकसित करने में मदद करता है। इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी शामिल हुए। टूर्नामेंट में विभिन्न गांवों की कई टीमें भाग ले रही हैं और यह टूर्नामेंट कई दिनों तक चलेगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान ने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि आजसू पार्टी सदैव इस प्रकार के खेल आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए तत्पर रहेगी। मौके पर ओबीसी जिलाध्यक्ष नितेश जयसवाल छात्र संघ अध्यक्ष अभिजीत सोनू विकास साहू प्रकाश यादव मिथलेश उरांव अखिलेश कुमार जितेंद्र उरांव प्रेम उरांव आदि उपस्थित थे।

## कमेटी विस्तार को लेकर जेबीकेएसएस (जेएलएमके) की बैठक हुई संपन्न




**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मां भगवती पहाड़ी मंदिर स्थित पानी टंकी मेंझारखंड भाषा खटियानी समिति (जेबीकेएसएस) कमेटी विस्तार को लेकर बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जेबीकेएसएस जिला महामंत्री कृष्ण कुमार वर्मा ने व संचालन केंद्रीय संगठन मंत्री उगन भुइयां ने किया जिसमें श्री उगन ने पार्टी को मजबूत हो सके और विधानसभा में रणनीति बना सके कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से झारखंड भाषा खटियानी समिति (JLMK) पार्टी विस्तार को लेकर हरएक पंचायत से एक प्रमुख सदस्य कमेटी का चयन किया गया। जो प्रखंड स्तर पर आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में अपना पार्टी को मजबूती दे सके इस बैठक में जिला सचिव दर्शन दांगी, सदस्य धुपाल प्रसाद, चंद्रदेव प्रसाद, सुनील रजक, शंकर गंझू, कृष्ण दांगी उपस्थित थे।

## प्रखंड प्रमुख व पंसस ने पीसीसी पथ निर्माण का किया उद्घाटन

### विकास कार्य से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत नेउरा पंचायत के टोला गरदा में पंचायत समिति मद से उदय नारायण सिंह के घर से धर्मदेव सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का उद्घाटन चैनपुर प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी व पंचायत समिति सदस्य सकिना बेगम ने किया। 15 वें वित्तीय आयोग की निधि से गरदा गांव में पंचायत समिति कोष से 2लाख 49 हजार रुपये की लागत से नव निर्मित पीसीसी पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन चैनपुर प्रमुख ने विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान प्रमुख ने कहा कि अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जर्जर सड़कों के निर्माण कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रयास कर रही हूं। खासकर जो वर्षों से उपेक्षित है। वंचित समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक विकास का लाभ पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिसका एक उदहारण आपके सामने है।उन्होंने बताया कि यहां पीसीसी सड़क नहीं होने से आसपास के लोगों को काफी कठिनाई होती थी। ग्रामीणों द्वारा अक्सर इन समस्याओं से अवगत कराया जा चुका था। सड़क के निर्माण से यह समस्या अब दूर हो गई है। राज्य सरकार की जो भी योजनाएं हैं, वो निश्चित तौर पर समाज के प्रत्येक लोगों तक पहुंचाने का उनका प्रयास जारी है।ज्ञात हो कि इस सड़क के निर्माण से स्थानीय लोगों में काफी हर्ष का माहौल है। इस मौके पर प्रमुख ने ग्रामीणों की अन्य समस्याओं को भी सुना। इस दौरान अध्यक्ष बाला सिंह सहित गांव के दर्जनों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बाबू भाई चंद्रवंशी के अन्तिम यात्रा में उमड़ी हजारों की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज निवासी बाबू भाई चंद्रवंशी की सोमवार की शाम अचानक हृदय गति रुकने के कारण मौत हो है।उनकी मौत की खबर सुनकर आस पड़ोस के सैकड़ो लोगों की भीड़ उनके आवास पर उमड़ पड़ी।आवास पर पहुंचे लोगो ने उन्हे श्रद्धांजलि दिया। बताते चले कि बाबू भाई बहुत ही नेक और सभ्य व्यवहार के व्यक्ति थे। उनके मौत से पूरा पलामू गम ने डूबा हुआ है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।वहीं मौत की जानकारी मिलने पर डाल्टनगंज विधानसभा के विधायक आलोक चौरसिया, चंद्रवंशी समाज के जिला अध्यक्ष विक्की चंद्रवंशी, शैलु चंद्रवंशी, सैलेश चंद्रवंशी सहित अन्य गण्यमान लोग उनके घर पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।उनके अंतिम संस्कार में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी।मंगलवार की सुबह उनका अंतिम संस्कार पहाड़ी मोहल्ला राजा हरिश्चंद्र घाट पर किया गया। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह बाबू भाई मंदिर में पूजा करने गए थे। पूजा करके घर लौटने के क्रम में अचानक उनके सीने में दर्द हुआ। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। जहां रांची पारस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान सोमवार की शाम उनकी मौत हो गई। उनकी मौत के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## मूसलाधार बारिश ने मचाई तबाही, पानी के बहाव से सड़क बहा

**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मूसलाधार बारिश ने मचाई तबाही प्रखंड क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के संग्रामपुर कला से हिंदिया गाँव जाने वाली सड़क पानी के तेज बहाव में टूटा,जिससे लोगो को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।यह सड़क सात नदियों से होकर गुजरता है जिससे ग्रामीण काफी मशक्कत से नदी पार करके गाँव जाते हैं।इस रास्ते में पाँच गांव हैं जिसमे जमुआ,गोड़े,हिंदिया,हिंदिया खुर्द व बल्हि शामिल हैं।इस सड़क को आरईओ विभाग द्वारा प्रभावित गाँव होते हुवे कुन्दा तक निर्माण होना था, लेकिन कोरोना काल से काम रुका हुआ है।समाजसेवी राजेश यादव ने बताया कि पुष्पांजलि कंस्ट्रक्शन के द्वारा कार्य करवाया जा रहा था, लेकिन कोरोना काल से ही यह सड़क का निर्माण कार्य बंद है।राहगीरों को बरसात के दिनों में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों ने सरकार से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग किया है।उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में श्रमदान से बने रोड भी टूट गए थे, जिसे आज ग्रामीणों के द्वारा मरम्मत किया गया है।ग्रामीणों ने अपने स्तर पर अस्थायी रास्ता बनाकर आवागमन को सुचारु बनाने की कोशिश की है।


**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़**

—::आम सूचना::—

मनरेगा नियुक्ति विज्ञापन संख्या 01/2023 के आलोक में विभिन्न पदों यथा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कम्प्युटर सहायक पद हेतु दक्षता परीक्षा दिनांक 10.08.2024 को ली गयी। जिसके उपरान्त दक्षता परीक्षाफल रामगढ़ जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.ramgarh.nic.in में अपलोड की गयी तथा प्रकाशित परीक्षाफल के आलोक में अभ्यर्थियों से दावा आपति दिनांक 14.08.2024 तक मांगी गयी।

दावा आपति निराकरण के पश्चात शैक्षणिक योग्यता का प्रतिशत प्राप्ताक तथा दक्षता परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत प्राप्तांक को समेकित करते हुए चयनित अभ्यर्थियों का औपबंधिक चयनित सूची/प्रतिक्षारत सूची/रद्द किये गये अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर अधिकारिक वेबसाईट www.ramgarh.nic.in में अपलोड किया जा रहा है। अपलोक की गयी सूची में यदि किसी अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की दावा आपति है तो दिनांक 22.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक स्वयं या निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आपति दर्ज करा सकते है।

अंतिम तिथि के बाद किसी प्रकार का आपति स्वीकार नहीं की जायेगी।

ह०/–
उप विकास आयुक्त,
–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, रामगढ़।

PR 333153 (District) 24-25 (D)

## भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिलवे फुटबॉल क्लब के द्वारा ई ई एफ मैदान टाटीसिलवे में भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह ,विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी मनोज कुमार,धनंजय कुमार श्रीवास्तव,बीसा पंचायत की पूर्व मुखिया सह भाजपा नेत्री सुषमा बड़ाइक ,राजेश मिश्रा ,गिरिधर मिश्रा के द्वारा फुटबॉल मारकर एवम खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत बुके देकर पारंपरिक ढोल नगाड़े के साथ किया गया।उद्घाटन मैच नाइन बुलेट कवाली बनाम जोंहा एफ सी के बीच खेला गया ।जिसमें नाइन बुलेट कवाली की टीम 03 गोल से विजय हुई।दूसरा मैच टी एफ ए तुरुप बनाम शिवा क्लब मिश्रा टोली के बीच खेला गया। टी एफ ए तुरुप की टीम प्लेंटी शूट से विजय हुई।इस कार्यक्रम को सफल के लिए संयोजक उमेश बड़ाइक,प्रभारी जगदीश नायक,अमर महतो,संतोष महतो ,श्रीधर महतो,आतिश महतो,संजय महतो,अजय भोगता, शंभु भोगता,सुमित बैठा,मदन बैठा,अर्जुन,शाहील,कार्तिक महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस टूर्नामेंट में बालक वर्ग से 16 टीमें तथा बालिका वर्ग से 08 टीमें भाग ले रही है।फाइनल 28 अगस्त को खेला जायेगा।

## आगामी 1 सितंबर से 31 दिसंबर तक चलेगी पशुधन गणना, चल रही तैयारी

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पशुओं की गणना को लेकर पशुपालन विभाग द्वारा तैयारी शुरू कर दी गयी है। सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2024 में 21वीं पशुधन गणना होना है। इसी के तहत खलारी प्रखंड में भी पशुधन गणना की जाएगी। इस बार ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन मोड में पशु जनगणना का रियलटाइम डेटा एंट्री किया जाएगा। जानकारों के माने तो यह भारत सरकार का एक कार्यक्रम है। वर्ष 1919 से हर पांच साल पर पशु गणना होती है। इससे पहले पशुधन गणना वर्ष 2019 में हुई थी। इसमें हरेक घर से पालतू जानवरों और पक्षियों की वास्तविक गणना करके डेटा एकत्र किया जाता है, ताकि देश की कुल पशुधन संपदा का आकलन किया जा सके। इस संबंध में जिला नोडल ऑफिसर डॉ.अमित ने बताया कि पशुधन गणना 1 सितंबर से 31 दिसंबर तक चलेगी। पशुओं की गणना क्षेत्र के हर एक घर में जाकर उनके नस्ल के आधार पर की जाएगी। इसमें हर प्रकार के आवारा पशु, घरेलू पशु, घरेलू पक्षी, मुर्गियों, बत्तखों आदि की गणना की जाएगी। इसके लिए प्रखंड स्तर पर पैरामीटर कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता एवं अन्य शिक्षित प्रगणकों के माध्यम से सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री कराई जाएगी। इस सफल कार्य के लिए ग्राम स्तर पर प्रगणक, उनके ऊपर पर्यवेक्षक पशु चिकित्सक, उनके ऊपर जिला नोडल पदाधिकारी एवं राज्य में एक राज्य नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी 24 अगस्त से सभी पर्यवेक्षकों को राज्य स्तर से बुलाकर रांची में ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके पश्चात जिला में जो भी चयनित प्रगणक होंगे उनको जिला में ही बुलाकर ट्रेनिंग दी जाएगी।

## टाटीसिलवे में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के साकेतनगर जैप 2 चतरा निवासी ललन महली (36) अपने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।सूचना पाकर टाटीसिलवे थाना से रवि कुमार, एस के साहू अपने पुलिस टीम के साथ पहुंची । उनकी पत्नी,भाई,मां से पूछताछ कर ,शव को कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ललन महली स्कूल गाड़ी चलाता था।पत्नी रक्षा बंधन पर्व को लेकर बीते रविवार को अपने दो बच्चों के साथ अपनी मायके हटिया तथा मां व भाई भी घर पर नहीं थे।रविवार रात को पत्नी की अपने पति से फोन पर बात भी हुई थी।सोमवार को बात नहीं हुई और साकेत नगर लौटी तो देखा कि घर का दरवाजा अन्दर से बंद है।वह अपने पति को आवाज लगाई पर अंदर से कोई जवाब नहीं दिया,आत्म हत्या का कारण का पता नहीं चल पाया है।पुलिस मामले को लेकर छानबीन कर रही है।इस मौके पर उप प्रमुख जयपाल हज़ाम,पूर्व मुखिया सोहन मुंडा,प्रधान किस्टो कुजूर,वार्ड सदस्य संजय महली,राम मोहन महली,राजेश मिश्रा इत्यादि उपस्थित थे।

## एआई कर्मचारी संघ का अनिश्चित कालीन हड़ताल सुरू, पशु गणना पर हो सकता है असर

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पशुपालन विभाग के एआई कर्मचारी संघ ने 20 अगस्त दिन मंगलवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल की है। उक्त संबंध की जानकारी खलारी के पारा कार्मिक अश्वनी पाण्डेय एवं कमलेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि एआई कर्मचारियों का मानदेय एवं वैक्सिंग का शुक्ल में विलंब होने के कारण हड़ताल किया गया है। जबकि इसके लिए धरना प्रर्दशन भी किया गया, परंतु सरकार द्वारा सकारात्मक पहल नहीं उठाया गया। इसके बाद झापवि के एआई कर्मचारी संघ द्वारा राज्य भर में 20 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल का घोषणा किया गया। पाण्डेय ने बताया कि सरकार से चार मांगे रखा गया था, जिसमें न्युन्तम मजदूरी के आधार पर मानदेय निर्धारित एवं वर्ष 2019 से बकाया राशि भुगतान, वर्षों से कार्यरत कर्मचारी की नियमावली तैयारकर वरीयता सूची निर्गत, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के रिक्त पदों पर कर्मचारी को वरीयता योग्यता के आधार पर नियमित करना, वर्तमान मानदेय राशि एवं प्रोत्साहन राशि व देय वीमा लाभ को ससमय भुगतान व्यवस्था सरल करना। उल्लेखनीय है कि एआई कर्मियों का अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाने से आगामी पशुधन गणना पर असर पड़ सकता है। क्योंकि कि 1 सितंबर से पशुधन गणना होना है। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा कई तैयारियां भी करना है।

# अपनी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर बने ग्रामीण : शिल्पी नेहा तिर्की

**इटकी प्रखण्ड में कुंदी पंचायत अंतर्गत ग्राम बिंधानी मे ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** मंगलवार को मांडर विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि कोई भी समस्या का यदि त्वरित समाधान न हो तो वह जटिल और चुनौतीपूर्ण हो जाती है लेकिन अपनी समस्याओं के समाधान के प्रति यदि ग्रामीणों ने गंभीर रवैया अपनाया तो इससे समाधान का मार्ग आसान हो जाती है.

इटकी प्रखण्ड के कुंदी पंचायत अंतर्गत ग्राम बिंधानी मे ग्रामीणों के साथ आयोजित बैठक, को सम्बोधित करते हुए श्रीमती तिर्की ने कहा कि उनके साथ ही कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता, ग्रामीणों की समस्याओं के प्रति बेहद संवेदनशील हैं. इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी अपने विचार व्यक्त किये. मौके पर अबु माज, सुनील मिंज, पंचायत अध्यक्ष जूनस केरकेट्टा , रितेश, राजू , ग्राम प्रधान, सुनील उरांव , संगीता , ताहिर अंसारी, अबरार इमाम, अहमद अंसारी, अजय गोप, मंजर अंसारी, सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति थे।

## पिपरवार के भाजपा कार्यकर्ताओं ने चतरा सांसद से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के कार्यकर्ताओ ने चतरा सांसद कालीचरण सिंह से उनके आवास पर औपचारिक मुलाकात किया।इस दौरान कार्यकर्ताओ ने सांसद को आम का पौधा देकर स्वागत किया।साथ ही सांसद को पिपरवार क्षेत्र के विस्थापितो के लंबित नौकरी, मुआवजा, रोजगार और कई ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया।सांसद ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा है कि पिपरवार कोयलांचल एव ग्रामीण क्षेत्र का जो मुद्दा और जन समस्या है सभी का जल्द ही समाधान किया जायेगा।वही चतरा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमन सौरव के द्वारा पिपरवार के कार्यकर्ताओं को रांची मे होने वाले युवा आक्रोश रैली मे अधिक से अधिक संख्या मे जाने का आहवान किया।इस मौके पर धनराज भोगता,रामलाल महतो,संजय कुमार भोगता, प्रवीण भोगता,करण कुमार महतो सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजुद थे।

## टांगरबसली एसबीआई से पैसे निकाल कर जा रही महिला से 30000 की हुई छिनतई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** प्रखंड अंतर्गत एसबीआई के शाखा से पैसे निकाल कर जा रही महिला से 30000 रूपए की छिनतई की घटना हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला एसबीआई टांगरबसली ब्रांच से 30000 रुपए की निकासी की थी और मांडर जाने के लिए रास्ते में ऑटो का इंतजार कर रही थी इसी बीच मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर मांडर पुलिस पहुंचकर जांच में जुटी है

## रक्षा बंधन को लेकर स्कूली बच्चियों ने थाने जाकर पुलिसकर्मियों को बाँधी राखी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** टूटकी स्थित अमृता इंटरनेशनल स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सिल्ली थाना जाकर पुलिस अंकल को रक्षाबंधन के अवसर पर रक्षा सूत्र यानी राखी बांधा। नन्हे-मुन्ने बच्चों को अपने बीच पाकर पुलिस अधिकारी काफी खुश हो गए। बच्चियों ने पुलिस पदाधिकारियों को तिलक लगाकर उनके हाथों में राखी बांधी तथा रक्षा करने का आशीर्वाद लिया। इस मौके थाना प्रभारी मोहित कुमार ने बच्चों को चॉकलेट देकर उनका स्वागत किया। यह काफी भावुक करनेवाला पल था। बच्चियों ने अपने घर परिवार से दूर रह कर पुलिसकर्मियों को अपने घर से दूर होने की कमी दूर कर दी। इस पर्व में उन्हें परिजनों की कमी खल रही थी। इस कमी को बच्चों ने दूर कर दी। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य ब्रजकिशोर श्रीनाथ सिंह,अनिता चौधरी,वारनाली चौधरी, किरण महतो,स्वेता महतो आदि उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी के महासचिव रोशन लाल चौधरी ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** आजसु पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने मंगलवार को सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर बचरा पंचवटी सभागार के समीप आजसु पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह उर्फ विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।इस दौरान रौशनलाल चौधरी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्या से अवगत हुए।साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने का निर्देश दिया।वही कई जगहो पर स्थानीय ग्रामीणों से उन्होंने मुलाकात किया।इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराया।उन्होंने होशिर बस्ती, बचरा बस्ती,पताल,किरीगढ़ा, बुण्डु सहित अन्य गांवो का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात किया।इस दौरान जगह-जगह पर उनका स्वागत किया गया।इस मौके पर विनोद सिंह,राजेश कुमार रमेश महतो,काशीनाथ महतो,अर्जुन महतो,अनिल यादव,कमलजीत सिंह,नरेश महतो,बिनोद महतो सहित काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## भारत बन्द की पूर्व संध्या पर पिपरवार मे निकाला गया विरोध मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर 21 अगस्त को आहुत एक दिवसीय भारत बन्द के पूर्व सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में मोटरसाइकिल जुलूस एवं विरोध मार्च निकाला गया। यह विरोध मार्च एवं मोटरसाइकिल जुलूस पिपरवार क्षेत्र के बचरा से लेकर टंडवा तक निकाला गया,जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए।इस जुलुश मे एससी/एसटी अधिकार मोर्चा, ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी इम्पलाई को-आर्डिनेशन काउंसिल एंव कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा के लोग शामिल हुए। यह जुलूस पूरे इलाके का भ्रमण करने के बाद बचरा चार नंबर स्थित शहीद कृष्णा महतो चौक पहुंचा,जहां जुलुश सभा में तब्दील हो गया।इस दौरान सभा में आरक्षण को लेकर जमकर नारेबाजी की गई।सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरक्षण का समर्थन करते हुए कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से भारत बंद को समर्थन करने की अपील की गई।वक्ताओ ने कहा कि अपने हक और अधिकार के प्रति लोगों को जागरूक होने की जरूरत है।वर्तमान में देश की जनता का हक और अधिकार को छीनने का काम किया जा रहा है,जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।।इस मौके पर सुभाष दास ,जागेश्वर दास, इकबाल हुसेन, देवकी रजक, प्रयाग राम, पवन पासवान, मोहम्मद मुबारक, सन्तोष नायक, राम अवतार राम, अनिल पासवान, सचिन पासवान, रतन लाल, रामचंद्र उरांव सहित सैकड़ों की संख्या मे लोग मौजुद थे।

## मोसोंगा में मनसा देवी की पूजा धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के सोसोकुटी पंचायत के मोसंगा गांव में मनसा पूजा धूमधाम से मनाया गया । पूजा के पूर्व संध्या पर नदी से माता का स्वरूप में सज धज कर माथे पर कलश लेकर पूजा स्थल की ओर पारंपरिक ढोल नगाड़े बजाते हुए बारी उठाया गया। सभी भक्त पूजा स्थल पहुंचने के बाद गुरु सुखदेव के पुत्र वैद्यगुरु सहोदर के द्वारा सभी भक्तों के साथ मां मनसा की पूजा अर्चना किया । नाग की देवी माँ मनसा के आस्था और भक्ति में लीन भक्तों ने लोहे की त्रिशूल से अपने जिव्हा और गाल को भेदन कर हैरतअंगेज करतब दिखाया । मोसंगा गांव के विराट जापान मेला में पुरुलिया जिला से पहुंचे कोटिशीला के पोड़ाडीह निवासी सोमीरन भगत, मनोरंजन भगत ,धनंजय भगत और लखींद्र महतो के द्वारा मंत्रोच्चारण करते हुए विषैला नाग नागिन को अपने हाथों में लेकर अदभुत कला का प्रदर्शन दिखाया। श्रावण महिने में माँ मनसा पर्व पूरे पांच पुराना क्षेत्र में हर्षोउल्लाश के साथ मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है । सभी भक्तों के मुख से मां मनसा की श्रद्धा भाव से बिभोर होकर एक ही स्वर गा रहे थे ÷दया करगो मां मनसा तुम्हारी चोरणे हमरा नितांतो भरोसा दया कर गो मानसा÷ । माता स्वरूप सज धजकर नदी से बारी ( कलश )उठाने के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

## यूवा आक्रोश रैली को सफल बनाने को लेकर भाजपा सिल्ली मंडल की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** भाजपा सिल्ली मंडल की एक बैठक मंगलवार को सिल्ली के दुर्गेश लॉज में जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी 23 अगस्त को रांची मोरहाबादी मैदान में युवा मोर्चा द्वारा आयोजित जन आक्रोश रैली को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सिल्ली विधानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह पटेल ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि रैली में यहां के कार्यकर्ता अधिक से अधिक भाग लेंगे इसको लेकर बुथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी दी। वहीं उन्होंने कहा की हेमंत सरकार द्वारा चुनाव से पूर्व कई सारी घोषणाएं युवाओं के लिए गए थे जो फेल हो चुके हैं। चुनाव से पहले हर स्नातक पास युवक यूवतियों को 5 हजार रुपये एवं स्नातकोत्तर युवक युवतियो को 7000 प्रोत्साहन राशि देने की बात की थी।परंतु यह वादे उनके पूरे नहीं हुए। साथ ही उनके द्वारा यह भी कहा गया था कि हर साल 5 लाख युवक यूवतियों को नौकरी दूंगा। परंतु हेमंत सरकार की यह भी घोषणाएं खोखली साबित हुई। जिससे झारखंड राज्य के यूवा वर्ग निराश है। जिसके परिणाम स्वरुप ही यूवा मोर्चा द्वारा आक्रोश रैली का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन सिल्ली मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक ने किया। इस मौके पर हरिहर महतो, शंकर साहू, शिबू हजामत, राजेश हजामत, सुरज महतो, बेलाराम बेदिया, दिनेश चौधरी, कृष्णा रविदास, केशव करमाली, अमित बेदिया, रामचरण बेदिया, बिष्णु हजाम, मनीष उपाध्याय, सोहन नायक, गुलाब नायक, गुणोधर करमाली, प्रवीण महतो, शंकर करमाली, तेजु करमाली, छुटु यादव समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा बुंडू नगर और बुंडू ग्रामीण मंडल की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** भाजपा, रांची जिला ग्रामीण के निर्देशानुसार बुंडू स्थित श्यामसुंदर भूदेव समिति, सामुदायिक भवन, सभागार ,नवरात्रि मंदिर,बुंडू के प्रांगण में आगामी 23 अगस्त को रांची के मोराबादी मैदान में होने वाले युवा आक्रोश रैली हेतु एक योजना बैठक का आयोजन भाजपा बुंडू नगर और ग्रामीण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बुंडू नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास और बुंडू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गुसेश्वर भगत की अध्यक्षता में रखी गई,बैठक का संचालन भाजपा युवा मोर्चा रांची ग्रामीण के जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल ने किया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद के साथ भाजयुमो रांची ग्रामीण प्रभारी विनय कृष्ण राजू, भाजपा प्रदेश पंचायती राज प्रकोष्ठ के सहसंयोजक रंजित लाहिरी, राजेश उरांव, लक्ष्मण सिंह मुंडा, गणेश कुम्हार, शुभम चेल, सखी देवी, रेखा देवी, किरण देवी, सोमा उरांव, मुकुंदर कोइरी, दीपक साहू, शिवशंकर प्रजापति, अपूल राज, शिवा गोस्वामी सहित भाजपा बुंडू नगर और ग्रामीण मण्डल के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## हटिया वर्धमान मेमु ट्रेन से 47 वर्षीय महिला गिरकर घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** मुरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर मंगलवार की सुबह 10 बजे के लगभग सफर कर रही महिला ट्रेन से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरी हिंडालको निवासी प्रकाश चन्द्र पाठक की पत्नी अनीता पाठक उम्र 47 वर्ष हटिया वर्धमान मेमु ट्रेन से हटिया से मुरी अपने घर आ रही थी। किसी कारण उतरने के दौरान वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गई। गिरने से अनीता पाठक गंभीर रूप से घायल हो गई। मुरी स्टेशन पर ड्यूटी में तैनात आरपीएफ के जवानों ने घायल महिला को ट्रेन के निचे से निकाल एंबुलेंस के सहारे रेलवे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार घायल महिला अनीता पाठक रेलवे कर्मचारी की बहन हैं और अपने भाई को राखी बांधने के लिए हटिया गई हुई थी।

# डीएवी बचरा में अक्षय ऊर्जा दिवस के रूप मे मनायी गई स्व.राजीव गांधी की जयंती

**स्कूल के शिक्षकों सहित बच्चों ने अक्षय ऊर्जा दिवस पर किया जागरूक**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मंगलवार को देश में कम्प्यूटर क्रांति के जनक एवं भारत के पुर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर अक्षय उर्जा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विद्यालय के वरिष्ट शिक्षक आरबी प्रसाद ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।विज्ञान के शिक्षकों के द्वारा अक्षय ऊर्जा के महत्व और भविष्य की ऊर्जा के स्त्रोत के रूप में गैर परंपरागत ऊर्जा के उपयोग एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षको ने कहा कि हमारे देश मे नवीकरणीय उर्जा के विकाश और महत्व के बारे मे जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष अक्षय उर्जा दिवस मनाया जाता है।स्कूल के शिक्षक एसके पाण्डेय ने कहा कि दुनिया मे प्राकृतिक संसाधन बनाने और उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अक्षय उर्जा दिवस मनाया जाता है।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे उपस्थित थे।



एक अन्य कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में संस्कृत दिवस मनाया गया।शिक्षक आरबी प्रसाद ने कहा कि संस्कृत कंप्यूटर की सहज भाषा है और संस्कृत भी अन्य भाषाओं की तरह जरूरी है।इस मौके पर शिक्षक आरबी प्रसाद,एके लाल,सीएस सिहं,एपी द्विवेदी,एसके पाण्डेय,अशोक शर्मा,राकेश कुमार,ओपी यादव,पीएन पाण्डेय सहित स्कूल के कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

पटमदा के कटिन मैदान में जुगसलाई विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# आजसू पूरी जबावदेही के साथ आपके बीच सदैव खड़ी रहती है : सुदेश कुमार महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** मंगलवार को कमलपुर थाना समीप कटिन मैदान पटमदा में जुगसलाई विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बताया कि बहुत दिन के बाद 2009 का उत्साह आज इस पावन भूमि पर देखने को मिला है इसलिए मैं अपने हजारों चूल्हा प्रमुख को हार्दिक बधाई और धन्यवाद देते है क्योंकि सत्ता में बैठे राजनीति करने वाले नेताओं को जो सीधे वोट की राजनीति करते है उन्हे आजतक चूल्हा प्रमुख को समझ नही पाया है लेकिन आजसू पार्टी पार्टी एक रामचंद्र सहिस को नेता नही बल्कि 16 हजार रामचंद्र सहिस को नेतृत्व देने का कार्य चूल्हा प्रमुख के माध्यम से आप सभी चूल्हा दीदी के रूप में देने का कार्य करते है और उन सभी चूल्हा दीदी को जबावदेही तय करने आया हूं। उनहोने कहा, वर्तमान सरकार को 5 वर्ष हो गया लेकिन इस लूट खसोट की सरकार लोगो के भावनाओ से खिलवाड़ करने का कार्य करती है ये सरकार राज्य के जनमानस को कुछ भी बोलकर निकल जाता है और उसकी जबाबदेही तय नहीं कर पाता है लेकिन सुदेश महतो कुछ भी नही



बोलता है और वही बोलता है जिसकी जबावदेही तय करता है। मुझे वर्तमान सरकार में चल रहे उत्पढ़क पर नही जाना है लेकिन राज्य में संघर्ष करने वाले लगभग 35 वर्षो तक राज्य का एक जनप्रतिनिधि के रूप में सेवा करने वाले चंपई दा के खिलाफ उसी सरकार के मंत्री का बयान आता है। अखबार में की चंपई दा विभीषण है तो मैं पूछता हूं आपलोगो से अगर चंपई दा विभीषण है तो रावण किसको बोला इसका जबाव पूछना होगा। आपके सत्ता में बैठे लोग रावण है तो मेरे पास राम है रामचंद्र है। आपके स्वस्थ विभाग तो पूरी तरह से चरमराई हुई है। बड़े बड़े अस्पताल बने हुए है लेकिन डाक्टर नही है। वर्तमान सरकार में तीन महीने से पेंशन नही आया है तीन महीने से राशन नही मिला है और आप मईया योजना के नाम पर राज्य के महिलाओ को ठगने का कार्य कर रहे है। मौके पर राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा की 2009 से मैं पटमदा की पावन भूमि से अपने राजनीतिक जीवन का आगाज किया था और उसका मुख्य उद्देश्य था की इस क्षेत्र के लोगो का प्रतिनिधित्व करने वाला इस क्षेत्र के भाषा और इस क्षेत्र के शोषित वंचित पीड़ित लोगो की आवाज बनने का कार्य हेतु स्थानीय लोगो के बीच से बाहरी व्यक्तियों का विरोध करते हुए, राजनीतिक गुरु सुदेश कुमार महतो के सरंक्षण में आगे बढ़ा। पार्टी के केंद्रीय प्रधान प्रवक्ता ने देवशरण भगत ने कहा की चूल्हा प्रमुख के सम्मेलन में 16 हजार 342 चूल्हा प्रमुख की अपार भीड़ बता रही है की जुगसलाई विधानसभा जीते थे और जीतेंगे और 2024 में इतिहास रचेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरेलाल महतो, खालिद खलील, चंद्रगुप्त सिंह, स्वपन कुमार सिंहदेव, डोमन टुडू, माकुड महतो, सचिन महतो, श्यामकृष्ण महतो, वनबिहारी महतो, बुद्धेश्वर मुर्मू , बुल्लू रानी सिंह सरदार, सरवस्ती सहिस, संजय मलाकार, प्रकाश विश्वकर्मा, संजय सिंह, समेत हजारों चूल्हा प्रमुख समेत अन्य मौजूद रहे।


## डीडीसी एवं जिप अध्यक्ष की उपस्थिति में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बारियार एवं जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा की उपस्थिति में डीएलसीसी (जिला स्तरीय बैंकर्स कमेटी) की बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, डीडीएम नबार्ड जसमिका बास्के, जीएमडीआईसी रविशंकर प्रसाद, एलडीएम वरुण चौधरी तथा सभी बैंकों के बैंक मैनेजर एवं डिस्ट्रिक्ट कोडीनेटर उपस्थित रहे। बैठक में नाबार्ड, साख जमा अनुपात, किसान क्रेडिट कार्ड, शिक्षा ऋण, गृह निर्माण ऋण, मुर्गीपालन, मत्स्य पालन, गव्य विकास, कृषि यांत्रिकीकरण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री रोजगार सर्जन योजना, केसीसी, मुद्रा ऋण के तहत बैंकों को शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा नबार्ड के तहत शॉर्ट टर्म कृषि, डेयरी, नेशनल लाइवस्टॉक मिशन, स्टैंड अप इंडिया के तहत विभिन्न बैंकों के माध्यम से किसानों को ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने केसीसी योजना से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर चर्चा करते हुए लोगो के साथ सहयोगात्मक भाव रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त ने विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित लंबित आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित कर सभी योग्य लाभुकों को ससमय ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिए।

## अक्षय ऊर्जा दिवस पर रिन्यू योर वॉक, रिन्यू द वर्ल्ड वॉकाथन का आयोजन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अक्षय ऊर्जा दिवस के अवसर पर सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) द्वारा आरसी फिजिकल एकेडमी, रांची के सहयोग से एक वॉकाथन रिन्यू योर वॉक, रिन्यू द वर्ल्ड का आयोजन किया गया। इस वॉकाथन का मुख्य उद्देश्य लोगों को अक्षय ऊर्जा के महत्व के प्रति जागरूक करना और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों में ऊर्जा के स्थायी साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। वॉकाथन में प्रतिभागियों ने रांची की सड़कों पर चलते हुए अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता फैलाई। यह आयोजन स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में एक सार्थक कदम है। इस अवसर पर अश्विनी अशोक, निदेशक, जस्ट ट्रांज़िशन, सीड ने कहा, बदलते जलवायु परिस्थितियों में अक्षय ऊर्जा को अपनाना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारी अनिवार्यता बन गया है। हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों का बुद्धिमानी से उपयोग करना होगा और अक्षय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना होगा। इस वॉकाथन में सीड से लक्ष्मी पूर्ति, शांभवी वत्स और अन्य लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अक्षय ऊर्जा अपनाने का संदेश दिया।

## अंश को अहाना ने पहली राखी बांधकर निभाई भाई बहन के रिश्ते




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रक्षाबंधन के अवसर पर राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह के सोनारी स्थित निवास पर सोमवार को बहन ने अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर कर अपने भाई की लंबी उम्र की कामना की। कल्याण चंद्र सिंह के नाती अंश को नतनी अहाना ने पहली राखी बांधकर कर भाई बहन के रिश्ते को निभाया। वहीं भाई ने अपने बहन को आशीर्वाद दिया। इस मौके राज परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## आनन्द मार्ग पिकेप ने 200 पेड़ों का वितरण कर किया वृक्षारोपण



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं प्रिभेंशन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स की ओर से पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सीनी में पौधा वितरण सह वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आनन्दमार्ग संस्था के बालचन्द साहू एवं बासुदेव कर्मकार के नेतृत्व में करीब 200 औषधीय एवं फलदार पौधों का वितरण किया गया तथा अमरूद, पपीता, कटहल, अनार, आंवला आदि के पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार ठाकुर, आचार्य त्रिलोचन महतो, लाल मोहन महतो, शेखर महतो, आचार्या पूनम महतो, संध्या महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## कराइकेला प्लस टू स्कूल में 17 कमरों का निर्माण कार्य जल्द होगा शुरूः सुखराम उरांव



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कराईकेला प्लस टू स्कूल में 17 कमरों का निर्माण होगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा करीब 1 करोड़, 89 लाख, 37 हजार 162 रुपयेकी स्वीकृति दे दी गई है। उक्त जानकारी झामुमो जिला अध्यक्ष सह चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने दी है। उन्होंने कहा कि कराईकेला प्लस टू स्कूल में बंदगांव प्रखंड के करीब छह और चक्रधरपुर प्रखंड के करीब सात पंचायत के बच्चे अध्यन करते है। लेकिन कमरे की कमी के कारण पिछले दिनों विद्यालय में बच्चों का नामांकन नहीं हो रहा था। इसके बाद बच्चों के अभिभावकों ने इसकी उनसे शिकायत की थी। शिकायत पर वे खुद विद्यालय गये थे और उन्होंने विद्यालय व लेख प्रधानाध्यापिका से जानकारी ली थी। उन्होंने कमरों की कमी के कारण नामांकन नहीं लेने की बात कही थी। इसके बाद उन्होंने प्रधानाध्यापक से नामांकन के लिए आग्रह किया था और कहा था कि कमरों की कमी को जल्द दूर कर दिया जायेगा। इसके बाद उन्होंने राज्य सरकार से 17 कमरों के निर्माण के लिए राशि की स्वीकृत कराई । उन्होंने कहा कि विद्यालय का जहां भवन निर्माण होगा, वहां आम का पेड़ है, इसलिए उन्होंने वन विभाग से पेड़ काटने के लिए अनुमति के लिए आवेदन जमा करने के लिए विद्यालय प्रबंधक को कहा है। वन विभाग द्वारा पेड़ हटाने के बाद विद्यालय के नए कमरे के भवन निर्माण का शिलान्यास किया जायेगा और कार्य प्रारंभ होगा।

## मनसा पूजा पर दो दलों के बीच हुआ मनसा मंगल जात का मुकाबला



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पिलीद गांव में नगेन महतो द्वारा आयोजित मां मनसा पूजा के उपलक्ष्य में दो दलों के बीच मनसा मंगल जात का मुकाबला हुआ। मां मनसा और चांद सौदागर के उपाख्यान पर आधारित मनसा मंगल जात में राजेन गोप चीतरी व पंचानन पातर पिलीद के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जात दल के गायक राजेन गोप ने बताया कि मनसा मंगल जात पाला मां मनसा देवी का गुणगान और अलग-अलग उपाख्यान में गीत के माध्यम से माता के प्रति भक्ति के साथ ही मनोरंजन भी होता है। उन्होंने कहा कि 17 अगस्त मनसा पूजा से मनसा मंगल जात पाला का आयोजन प्रारम्भ होता है और अलग-अलग जगहों पर इसका आयोजन पुरे एक महीने तक आयोजित किया जाता है। मौके पर डोमन महतो, गणपति महतो, नगेन महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## चोरों ने एक ही रात चार घरों में चोरी की घटना को दिया अंजाम, पांच लाख से अधिक के जेवरात उड़ाए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** बीते सोमवार की रात आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के सतवाहिनी, धीरजगंज स्थित केंदु गाछ के समीप एसडीएस टावर और हनुमान टावर में चार नकाबपोश चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देते हुए नकद समेत लाखों के जेवरात की चोरी कर ली गई। बताया गया है कि सभी चोर खुला बदन और नंगे पैर आए थे। सर्वप्रथम नकाबपोश चोरों ने एसडीएस टावर के पांचवे फ्लोर में फ्लैट संख्या 502 व 504 से नकद और करीब पांच लाख से अधिक के जेवरातों की चोरी की। बताया जाता है कि फ्लैट संख्या 502 के मालिक का नाम बीबी विश्वास है जो बाहर गए हैं जबकि कमरा संख्या 504 में रश्मि रंजन नंदा रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि रात्रि करीब ढाई बजे चोरों ने उनके परिवार को एक कमरे में बंद कर नकद समेत करीब पांच लाख के जेवरातों को ले लिया। इससे पूर्व रात्रि करीब डेढ़ बजे चोरों ने पास ही स्थित हनुमान टावर के फ्लैट संख्या 416 में आशुतोष शुक्ला के घर चोरी करने घुसे थे, लेकिन वहां वे सफल नहीं हो सके। उसके बाद वे एसडीएस टावर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। मंगलवार की सुबह रश्मि रंजन नंदा द्वारा इस बावत आदित्यपुर थाना को सूचना दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच में जुट गई है। सभी चोरों की तस्वीरें सोसायटी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों को ढूंढने के प्रयास में लगी है।

## जमशेदपुर हॉस्पिटल इंप्लाइज यूनियन की कार्यकारिणी बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर हॉस्पिटल इंप्लाइज यूनियन के अंतर्गत डॉ टी सी जॉन मेमोरियल चैरिटेबल फाउंडेशन के कार्यकारिणी के सदस्यों की एक बैठक मंगलवार को क्यू सी रोड, साउथ पार्क, बिस्टुपुर स्थित कार्यालय में हुई द्य बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेशवर पांडे ने किया। मौके पर अपने से बिछड़े हुए साथियों को याद करते हुए मौन धारण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ट्रस्ट के अकाउंट्स के बारे में जानकारी दी गई और उसे बहुमत से पास किया गया। वही कार्यकारिणी के सदस्यो नें अपनी मांगे रखीं जिसमे ग्रेड जो की देय है उसे जल्द से जल्द बनाया जाए इसमें बेसिक, नाइट अलाउंस, पेट्रोल अलाउंस, क्वार्टर अलाउंस आदि दिया जाए, जिनके पास क्वार्टर नहीं है उनको क्वार्टर दिया जाए, सभी तरह की छुट्टियों की सुविधा में बढ़ोतरी की जाए, लीव बैंक की सुविधा प्रदान जाए, मेडिकल से संबंधित हो रही असुविधाओं को ध्यान दिया जाए, नए कर्मचारियों को मेडिकल एवं यूनिफार्म की सुविधा प्रदान की जाए, सभी जगह मैनपावर की कमी है जल्द से जल्द नई भर्ती की जाए एवं एक्स्ट्रा ड्यूटी करने पर उन लोगों को डबल वेतन दिया जाए। सभी कर्मचारियों को आईडी कार्ड दिया किया जाए द्य ट्रस्ट से रिटायर कर्मचारियों को भी मेडिकल की सुविधा प्रदान की जाए एवं अन्य कई तरह की कर्मचारियों को सुविधा देने की बात की गई इसमें मुख्य रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, महामंत्री मनोज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, वाइस प्रेसिडेंट मनी भूषण मोहंती, सेक्रेटरी सोमनाथ पोद्दार, अस्सिटेंट सेक्रेट्री बीरबल मुखी, कार्यकारिणी के सदस्य जोलेश मुखी, प्रशांत महतो उपस्थित थे।

## इनर व्हील क्लब जेस्ट ने चेशायर होम को दिया 30 चादर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ज़ेस्ट द्वारा सुंदरनगर स्थित चेशायर होम में रहने वाले विशेष लड़कियों और महिलाओं के लिए उनकी ज़रूरत के अनुसार 30 चादरें और तकिया कवर दिया। साथ ही उनके साथ कुछ समय बिताया और शाम का नाश्ता सभी को कराया। यह कार्यक्रम प्रीति गोयल की अध्यक्षता में चेशायर होम सुंदरनगर में हुआ। यह जानकारी एडिटर अनु मित्तल ने दी। इस कार्य में निशा गाड़िया एवं मंजु माहेश्वरी आदि का सहयोग रहा। जेस्ट की महिलाओं ने बताया कि इन विशेष बच्चों के जीवन में थोड़ी खुशी और प्यार लाने का प्रयास करना हमारे लिए सम्मान की बात है।

## राजीव गाँधी के जयन्ती पर जिला कांग्रेस ने किया सद्भावना यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के दिशानिर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में वर्मामाइन्स डनलप मैदान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के जयन्ती के अवसर पर वृहत रूप से सद्भावना यात्रा कार्यक्रम जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी बलजीत सिंह बेदी शामिल हुए। इस अवसर पर सद्भावना यात्रा की शुभारंभ जिला संगठन प्रभारी बलजीत सिंह बेदी एवं जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने झण्डा प्रदान कर किया। सद्भावना यात्रा वर्मामाइन्स डनलप मैदान से प्रारंभ होकर चुना भट्ठा, नवजीवन आश्रम, लक्ष्मीनगर, प्रेम नगर, बजरंगी बगान, आजाद बस्ती, जेम्को, महानन्द बस्ती, वर्मामाइन्स बस्ती में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर यात्रा सभा में तब्दील हो गई। सभा को मुख्य अतिथि बलजीत सिंह बेदी ने कहा कि भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के हजारों योगदान भारत में है। जिसमें मुख्य रूप से हम सभी उन्हें कंप्यूटर जगत के जनक के रूप में जानते हैं, पंचायती राज संगठन को जवाहर रोजगार योजना ला कर बहुत मजबूती प्रदान किया। कार्यक्रम में सर्वश्री टेल्को प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश कुमार, प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, प्रिंस सिंह, कमलेश कुमार पाण्डेय, के के शुक्ल, वरिष्ठ नेता में चन्द्रभान सिंह, ओमप्रकाश उपाध्याय, नन्दलाल सिंह, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, अंसार खान, ऋषि मिश्र, महेंद्र पाण्डेय, उदय कुमार सिंह, शफीअहमद खान, भारतयात्री अमरजीत नाथ मिश्र, आनन्द मय पात्रा, अरुण सिंह, इंदुभुषण यादव, संजय घोष, ऊषा यादव, नमिता सिंह, फरहत, विश्वजीत पाण्डा, मनोज कान्त, अमित श्रीवास्तव, मनोज पाठक, नागेन्द्र कुमार , श्यामसुन्दर प्रसाद , सीमा महंती, शमशेर खान, ज्योति मिश्र, संध्या ठाकुर, टेल्को मन्डल अध्यक्ष देवाशीष , जेम्को मण्डल अध्यक्ष संजय कुमार, गौरव कुमार, मुन्ना मिश्र, संजय तिवारी, सुशील घोष, रंजीत झा, लालबाबू, अभय पाण्डेय, त्रिनाथ, सुरेश धारी, समरेन्द्र नाथ तिवारी, गुरदीप सिंह, धर्मा राव प्रखण्ड अध्यक्ष साकची शामिल हुए।

## किसी भी हाल में बंद नहीं होने देंगे भारत भवन से स्टेशन जाने वाला रास्ता : सांसद जोबा माझी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर :** रेलवे द्वारा भारत भवन चौक से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग को बंद करने की योजना पर सांसद जोबा माझी और विधायक सुखराम उरांव ने कड़ा विरोध जताया है। शहरवासियों की मांग पर मंगलवार को विधायक सुखराम उरांव इसी मुद्दे को लेकर सांसद जोबा माझी से उनके आवास पर मिले। दोनों नेताओं ने मामले पर गंभीर चर्चा की। जिसके बाद सांसद जोबा माझी ने दुरभाष पर चक्रधरपुर के मंडल रेल प्रबंधक अरूण जातोह राठौड़ से वार्ता की। वार्ता के क्रम में सांसद ने डीआरएम से दो टूक कहा कि यह मार्ग सबसे पुराना और महत्वपूर्ण है। इसे किसी कीमत पर बंद नहीं होने देंगे। सांसद ने डीआरएम से कहा मार्ग बंद करने का आदेश अगर किसी वरीय ने दिया है तो बताये हम उनसे बात करेंगे। सांसद के कड़े रूख को देखते हुए डीआरएम ने मार्ग नहीं बंद करने का आश्वासन दिया। वहीं डीआरएम से वार्ता के बाद सुखराम उरांव भारत भवन चौक पहुंचे और मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान आम लोगों से मुलाकात करते हुए विधायक ने बताया कि इस मुद्दे पर वह और सांसद एकजुट है। रेलवे तानाशाही रवैया अपनाते हुए आम लोगों को परेशान करेगा तो उन्हें कड़ा विरोध का सामना करना पड़ेगा। मालूम हो कि भारत भवन चौक से आम लोग न केवल रेलवे स्टेशन जाते है, बल्कि मरीज रेलवे अस्पताल और बच्चे भी स्कूल जाते है। रोजाना हजारों लोग इसी मार्ग का उपयोग करते है। पिछले दिनों जैसे ही लोगों को इस मार्ग को बंद करने की योजना के बारे में पता चला लोग विरोध जताने लगे।

## कुलविंदर ने श्री अकाल तख्त के जत्थेदार को भेजा पत्र

● गुरु तेग बहादुर मेमोरियल भवन के कमर्शियल इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मुख्यालय श्री गुरु तेग बहादुर मेमोरियल भवन के कमर्शियल इस्तेमाल पर रोक लगाने का आग्रह श्री अकाल तख्त के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी रघुवीर सिंह जी से किया है। उन्होंने तख्त श्री हरमंदिर साहिब जी पटना के जत्थेदार एवं तख्त श्री हजूर साहब के जत्थेदार को भी मेल भेजा है और इसकी प्रति व्हाट्सएप पर संरक्षक इंद्रजीत सिंह, संरक्षक गुरदीप सिंह पप्पू, संरक्षक अमरप्रीत सिंह जी काले, संरक्षक गुरदेव सिंह राजा, झारखंड राज्य सिख समन्वय समिति के संरक्षक एवं पूर्व प्रधान गुरमुख सिंह और प्रधान तारा सिंह को भेजी है। इसमें कुलविंदर सिंह ने कहा कि भगवान सिंह ने वायदा किया कि अस्पताल और कोचिंग संस्थान बनाएंगे और दानी सज्जनों ने खुलकर दान किया। अब जब तीसरी मंजिल तक का ढांचा तैयार हो चुका है तो यह विभिन्न व्यापारिक फॉर्म एवं संगठन को किराए पर देने की तैयारी कर रहे हैं। भूतल पर जो बड़ा हाल बना था उसको भी किराए पर इन्होंने चढ़ा रखा है। सरदार भगवान सिंह अच्छी तरह जानते हैं की जमीन की बंदोबस्ती टाईटिल अभी तक झारखंड सरकार से सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नाम पर नहीं मिली है। यदि कोई किरायेदार प्रभावशाली हुआ तो उसे निकालना भविष्य में मुश्किल हो जाएगा और अनहोनी हो सकती है। कुलविंदर सिंह को आशंका है कि किराए पर चढ़ाने के नाम पर यह अपना प्रभावमंडल तैयार कर रहे हैं जिससे कोई भी उन्हें भविष्य में पद से नहीं हटा सके। वहां समर्थकों की फौज रहेगी, जिसके बल पर वह मनमानी कर सकेंगे जैसा कि उन्होंने मानगो में किया है। संविधान के विपरीत वह तीसरी बार वहां प्रधान बने हुए हैं।

## विपक्ष के विरोध के कारण सामाजिक न्याय की हुई जीत : डॉ. अजय कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता ने मोदी सरकार द्वारा मंगलवार को यूपीएससी में लेटरल एंट्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने को समाजिक न्याय की जीत बताया. उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और विपक्ष के दूसरे नेताओं ने लेटरल एंट्री स्कीम का विरोध किया था. ये उसी विरोध का नतीजा है कि अब सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा है. डॉ. अजय ने कहा कि मोदी सरकार की यह योजना, आरक्षण छीनकर संविधान को बदलने का भाजपाई चक्रव्यूह है. बीजेपी द्वारा लेटरल एंट्री के माध्यम से एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के पद पर आरएसएस के लोगों को नियुक्त करने की योजना थी. मोदी सरकार ने सरकारी महकमों में नौकरियां भरने की बजाय पिछले 10 सालों में अकेले पीएसयू में ही भारत सरकार के हिस्सों को बेच-बेचकर 5.1 लाख पद, भाजपा ने खत्म कर दिए हैं. इस दौरान कैजुअल और कॉन्ट्रैक्ट भर्ती में 91 फीसदी का इजाफा हुआ है. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजति और अन्य पिछड़ा वर्ग के 2022-23 तक 1.3 लाख पद कम हुए हैं. डॉ. अजय ने कहा कि नरेंद्र मोदी, संघ लोक सेवा आयोग की जगह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जरिए लोकसेवकों की भर्ती कर संविधान पर हमला करना रहे हैं. केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के जरिए भर्ती कर खुलेआम एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जाने के प्रयास था. उल्लेखनीय है कि यूपीएससी ने 17 अगस्त को एक विज्ञापन जारी करते हुए लेटरल एंट्री से 45 ज्वाइंट सेक्रेटरी, डिप्टी सेक्रेटरी और डायरेक्टर लेवल की भर्तियां निकाली थी. सरकार के इस फैसले पर जमकर सियासी बवाल मचा. कांग्रेस समेत ज्यादातर विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि सरकार आरक्षण पर चोट कर रही है. विपक्ष एवं सहयोगी दलों के विरोध को देखते हुए सरकार द्वारा तत्काल प्रभाव से विज्ञापन रोक लगा दिया है.


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन० आर०ई०पी०–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 22/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०–1,राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०–1,राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 28.08.2024 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 29.08.2024 को 3.00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 30.08.2024 को 11:00 बजे पूर्वाहन।
7. निविदा खोलने का स्थान : कार्यालय एन०आर०ई०पी०–1,राँची
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र० स० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अविध | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खेलारी प्रखण्ड खलारी डी०एस०पी० तालाब का जीर्णोद्वार (पेवर ब्लॉक, सीढ़ी और लाईट की व्यवस्था) | 21,53,700.00 | 44,000.00 | 5,000.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | बुढ़मू प्रखण्ड अन्तर्गत साड़म तालाब का सौन्दयीकरण (पेवर ब्लॉक, सीढ़ी और लाईट की व्यवस्था) | 10,23,500.00 | 21,000.00 | 2,500.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :– 1. निविदा से सम्बन्धित अन्यशर्ते कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–1, रॉची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रॉची अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेगे।
3. B.O.Q लेने के समय अग्रधन की राशि (F.D) साथ मे Registration, Ucan, Character Copy लगाना अनिवार्य होगा। तभी B.O.Q दिया जायगा।

कार्यपालक अभियंता
एन०आर०ई०पी०–1, राँची

PR 333164 NREP(24-25)#D

**संक्षिप्त खबरें**

## मंडल की बैठक में शामिल हुए, पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भाजपा कार्यालय मनिका में मंगलवार को मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में 23 अगस्त 2024 को युवा आक्रोश रैली एवं 25 अगस्त 2024 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, पंचायत के संयोजक, सह संयोजक एवम बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक की गई। बैठक में पंचायत के प्रभारी और सह प्रभारी के बीच मुख्य अतिथि ने पार्टी का झंडा, पट्टा का भी वितरण किया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरिकृष्ण सिंह शामिल हुए। बैठक की समाप्ति की घोषणा मंडल महामंत्री धर्मजीत राय के द्वारा किया गया। मंच पर मुख्य रूप से जिला मंत्री कौशल किशोर प्रसाद, जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, जिला विशेष आमंत्रित सदस्य शंकर दुबे, मीना तिवारी, मंचस्थ रहे।

# जनता दरबार के माध्यम से सुनी गई आमजनों की समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जनता दरबार में चतरा प्रखण्ड के ग्राम सीमा निवासी ने जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त श्री रमेश घोलप से मिलकर बताया कि मेरे घर में बारिश के मौसम में रोड का पानी घुस जाने के कारण मेरा घर गिर गया है और मै तिरपाल लगाकर अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ रह रहीं हुं। मुझे अबुआ आवास की आवश्यकता है। कृप्या कर मुझे अबुआ आवास का लाभ देने की कृपा की जाय। इस पर उपायुक्त ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उप विकास आयुक्त चतरा को दिया है। उपायुक्त ने समाहरणालय सभा कक्ष में एक एक कर जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त के अलावे जनता दरबार में मुख्य रूप से सड़क, राशन, भूमि विवाद, अबुआ आवास से संबंधित समेत अन्य मामला शामिल है।उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बताते चले की मंगलवार और शुक्रवार को 11 बजे से 1 बजे तक उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार का आयोजन कर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुन निष्पादन किया जाता है।

## राज्य सरकार के खिलाफ युवाओं में आक्रोश, हजारों की संख्या में रैली में भाग लेंगे युवा : अमलेश सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित होटल द ब्लीस में भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा के द्वारा संयुक्त रूप से युवा आक्रोश रैली, जो आगामी 23 अगस्त को मोरहाबादी मैदान राँची में।आयोजित होना है उसको लेकर प्रेस वार्ता किया गया। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे ने कहा कि युवा आक्रोश रैली के माध्यम से झारखंड के युवा हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के गद्दी से जल्द से जल्द बेदखल करेंगे। रैली को लेकर हम लोग सभी बूथ स्तर पर तैयारी कर रहे हैं।भाजपा जिला महामंत्री अमलेश कुमार सिंह ने बताया कि हेमंत सरकार के द्वारा सबसे ज्यादा छलने का कार्य युवा लोगों का किया जा रहा है। हेमंत सरकार को बनाने में सबसे बड़ा योगदान युवाओं का ही था। आगामी 23 अगस्त को होने वाली युवा आक्रोश रैली ऐतिहासिक होगी। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष छोटू राजा ने बताया कि हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बनने के लिए लोक लुभावने वादे किए थे जैसे पांच लाख युवाओं को नौकरी प्रत्येक वर्ष देने का उन्होंने वादा किया था लेकिन एक भी वादा उन्होंने पूरा नहीं किया, साथ ही बेरोजगारी भत्ता पांच हजार से लेकर सात हजार स्पष्ट नियोजन नीति, अनुबंध कर्मियों पारा टीचर, सैय्या सहायिका, पुलिस समेत अन्य को रेगुलर करने की बात किया गया था। लेकिन वे अपने सभी वादों से मुकर गए इसलिए भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा आगामी 23 अगस्त को होने वाली रैली में लातेहार से पांच हजार युवा भाग लेंगे। वहीं 21 अगस्त को जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस थाना चौक से लेकर समाहरणालय गेट तक निकालने का भी निर्णय लिया गया है।

## केरल के वायनाड में हुए प्राकृतिक आपदा में सहयोग के लिए उदयन पब्लिक स्कूल ने भेजा सहायता राशि



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के तेतरमोड स्थित उदयन पब्लिक स्कूल ने केरल के वायनाड के कुछ हिस्सों में हुए विभस्त प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों या प्रभावित लोगों के लिए उदयन पब्लिक स्कूल ने शोक प्रकट किया है और विद्यालय प्रबंधक समिति के सचिव, कोषाध्यक्ष, सदस्य, प्राचार्या, शिक्षक संघ एंव छात्रों ने राहत व बचाव कार्यों के लिए विद्यालय प्रबन्धन समिति, प्रचार्या टेंसी थॉमस, शिक्षक, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के सहयोग से केरल के मुख्यमंत्री राहत कोष में 16,001/- (सोलह हजार एक रुपये) की सहयोग राशि भारतीय स्टेट बैंक, सिमरिया शाखा के शाखा प्रबंधक श्री दीपक कुमार जी को सुपर्द किया है। ताकि जरुरतमंद लोगों को तत्काल में सहायता मिल सके। मौके पर प्रबंधन समिति की ओर से प्रेमलता चंद्र प्राचार्य टेंसी थॉमस, मो. आमान अंसारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## पत्रकार सह युवा नेता कुलदीप दास ने सांसद मनीष जयसवाल से किया शिष्टाचार मुलाकात



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के टंडवा निवासी कुलदीप दास ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से किया शिष्टाचार मुलाकात। इस दौरान श्री दास ने सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ने की अपनी दावेदारी पेश करते हुए सांसद मनीष जायसवाल से पूर्ण सहयोग मिलने की अपेक्षा व्यक्त की है। इस मुलाकात में पत्रकार सह युवा नेता कुलदीप दास ने कहा कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में कई प्रकार की गंभीर समस्याएं है, जिनसे मैं भली भांति अवगत हूं। अगर भारतीय जनता पार्टी इस बार मुझ पर भरोसा जताते हुए चुनाव लड़ने का मौका देती है, तो मैं हर एक समस्या का समाधान करने का अथक प्रयास करूंगा।

# जमीन सत्यापन के नाम पर कर्मचारी ने मांगे 50,000



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गेरेंजा ग्राम में जमीन सत्यापन करने के नाम पर अंचल कर्मचारी द्वारा 50,000 रुपये की रिश्वत मांगने का मामला प्रकाश में आया है। गेरेन्जा ग्राम के रहने वाले बबुना उराँव पिता स्व भदवा उराँव एवं कुश उरांव पिता स्व.एतवा उरांव, जीतू उराँव पिता स्व. हंसा उरांव सभी ग्राम गेरेन्जा थाना बालूमाथ निवासी ने लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह को आवदेन देकर बताया है कि बालूमाथ-रांची मुख्य पथ एनएच 22 निर्माण कार्य में उनका रैयती जमीन लेकर सड़क बनाया गया था। जिसका खाता नंबर 66 प्लाट नम्बर 7 में 0.94 डिसमिल और प्लाट नम्बर 11 में 0.041 डिसमिल एव खाता नंबर 82 प्लाट नम्बर 100 में 0.10 डिसमिल प्लाट नम्बर 101में 0.69 डिसमिल एवं प्लाट नंबर 102 में 0.27 डिसमिल है ।उक्त जमीन का मुआवजा के सत्यापन के लिए तीन माह पूर्व भु-अर्जन पदाधिकारी द्वारा एक पत्र बालूमाथ अंचल कार्यालय भेजा गया था। लेकिन हल्का नम्बर 12 के कर्मचारी दयालु केरकेट्टा द्वारा उक्त जमीन के सत्यापन के नाम पर 50000 रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही है। जिसको लेकर सभी ने लातेहार उपायुक्त को आवेदन देकर घुस मांगने वाले कर्मचारी दयालू केरकेट्टा पर कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाने एव जमीन का सत्यापन करते हुए मुआवजा दिलाने की मांग किया है। ज्ञात हो की रांची-चतरा एनएच 22 सड़क निर्माण का कार्य संतोष कंस्ट्रक्शन चंदवा द्वारा किया गया था। और इस दौरान ग्रामीणों को झूठा आश्वासन देकर बिना मुआवजा दिए हुए उनका जमीन अधिकृत करते हुए सड़क बना दिया गया थ । वही इस सबंध में हल्का कर्मचारी दयालु केरकेटा से पूछे जाने पर कहा यह सही बात है कि जमीन सत्यापन कार्य मे देर हुआ है लेकिन मेरे द्वारा कोई पैसा की मांग नही किया गया है। वही बालूमाथ अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है जांच कर कारवाई करूंगी।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार के प्रबंध समिति (वीएमसी) की एक बैठक नामित अध्यक्ष सह अनुमंडल दंडाधिकारी अजय कुमार रजक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों से समिति को अवगत कराया। विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर समिति के सदस्यों ने संतोष प्रकट किया। बैठक में इसके अलावा विद्यालय के टॉयलेट और वॉशरूम की मरम्मति एवं रिनोवेशन पर चर्चा की गई। विद्यालय में समरसेबल पंप खरीदने को मंजूरी दी गई। विद्यालय में छात्रों के मेडिकल कैंप आयोजित कर छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्णय लिया गया। समिति के द्वारा विद्यालय के कार्यालय और परीक्षा विभाग के लिए स्टेशनरी और प्रिंटिंग मेंटेरियल क्रय करने के अनुमति प्रदान की गई। लाइब्रेरी की किताबें और फर्नीचर क्रय करने का अनुमोदन दिया गया। विद्यालय की वार्षिक पत्रिका प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। मेडिकल रूम में आवश्यक चिकित्सीय उपस्कारों की खरीदारी करने की भी अनुमति दी गई।शहर के मुख्य पथ से विद्यालय के प्रवेश द्वार तक स्ट्रीट लाइट लगवाने का आग्रह किया गया। जेम पोर्टल से आवश्यक खेल सामग्रियों का क्रय करने की अनुमति समिति के द्वारा दी गई। नामित अध्यक्ष श्री रजक ने कहा कि विद्यालय में छात्रों की पढ़ाई एवं स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने मेडिकल रूम के लिए आवश्यक उपस्कर क्रय करने एवं एवं छात्रों का नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की बात कही। उन्होंने कमजोर बच्चों को अतिरिक्त समय देने की बात कही. बैठक में प्राचार्य श्री सिंह के अलावा समिति के सदस्य जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह, शिक्षक बीके दुबे, आशीष कुमार टैगोर, डीएन विश्वकर्मा, आभा एक्का, मनोज कुमार पावइया आदि मौजूद थे।

## पीएलभी के द्वारा बच्चों व दिव्यांग जनों को दी गई कई अहम जानकारी



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड अंतर्गत कुमरांग कला गांव में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देशानुसार विधिक जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में पारा लीगल वालंटियर के रूप में कार्य कर रहे राजेंद्र ओझा ने गांव के सभी दिव्यांग जनों एवं बच्चों को विधिक सेवा के तहत मिलने वाली सेवाएं एवं सहायता के बारे में सभी को विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बतलाया एवं नालसा के द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी दी गई।

# मुख्यमंत्री पशुधन योजना को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड़ कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री पशुधन योजना को लेकर मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में जिला परिषद सदस्य अनिता देवी बीडीओ राहुल देव, प्रमुख अनिता यादव उप प्रमुख प्रीतम यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत ग्राम सभा के माध्यम से चयनित लाभुकों की सूची जमा किया गया। जबकि गिद्धौर पंचायत से सूची नहीं जमा होने पर बैठक स्थागित कर 24 अगस्त को बैठक का समय आहूत किया गया है। बैठक में विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी पंचायत सचिव उज्ज्वल सिंह, दिगम्बर पांडेय, चितरंजन शर्मा प्रियंका प्रिया समेत अन्य मौजूद थे।

## सिविल सर्जन के निर्देश पर मंगलवार को पुनः जांच टीम पहुंच मां कल्याणी हॉस्पिटल, अस्पताल संचालक सारा सामान लेकर हुआ फरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** सोमवार को अवैध रूप से संचालित मां कल्याणी हॉस्पिटल में एक महिला का झोला छाप चिकित्सक द्वारा ऑपरेशन किए जाने का मामला प्रभात मंत्र में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद मंगलवार को जांच टीम पुनः माँ कल्याणी अस्पताल पहुंचा। जहां जाँच टीम को घर मालिक द्वारा बताया गया कि अस्पताल के संचालक रात्रि में ही सारा सामग्री लेकर एवं अस्पताल का बोर्ड उतार कर फरार हो गया ।वही मरीज को भी आनंन-फ़ानन में रात्रि में ही अज्ञात जगह पर शिफ्ट कर दिया गया। जिससे मरीज के जिंदगी के साथ खुला खुलम खिलवाड़ किया जा रहा है। जांच टीम में शामिल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक ने बताया कि जिस भवन में मां कल्याणी हॉस्पिटल चल रहा था उस भवन में नीचे ताला में ताला लगा हुआ है। एवंम ऊपर तला में मकान मालिक स्वयं रहते हैं जिस कारण नर्सिंग होम को सील नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि पूरे घटना की प्राथमिकी बरियातू थाना में दर्ज कराई जा रही है। इधर लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लातेहार उपायुक्त से मांग करते हुए कहा है कि बालूमाथ ,बरियातू एवम हेरहंज प्रखंड में लगभग एक दर्जन से अधिक अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालित है ।जिस पर स्वास्थ्य विभाग के सहिया एवं एएनएम के मिली भगत से गरीब व लाचार लोगों को बरगलाकर नर्सिंग होम में भेजा जाता है एवं नॉर्मल प्रसव होने वाले मरीज का सिजेरियन ऑपरेशन कर मोटी रकम ली जाती है। एवं एक मरीज को भेजने की एवज में कमीशन के तौर पर नर्सिंग होम संचालक भेजने वाले एएनएम या सहीया को 5000 रु देता है। उन्होंने सभी नर्सिंग होम को तत्काल जांच कर बंद करने एवं अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# नावाडीह में आदिवासी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के शीशी पंचायत अंतर्गत ग्राम नावाडीह में 20 अगस्त 2024 दिन मंगलवार को नगर पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा के द्वारा फिता काटकर एवं फुटबॉल में किक मारकर आदिवासी फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रथम दिन दो टीम भाग लिया जतरा टांड़ नावाडीह, एसटी ब्रोदर्स बलवाही, रिचुघुटा जहां मुख्य अतिथि के रूप नवीन कुमार सिन्हा पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत लातेहार, विजय उरांव मुखिया शीशी, संदीप प्रजापति डी पी एम एनआइएलपी लातेहार, जागेश्वर यादव, आदिवासी फुटबॉल टूर्नामेंट के कमेटीगण बुटन सिंह अध्यक्ष, बसंत सिंह, अनिल सिंह उपाध्यक्ष, विनय सिंह सचिव, राधिका सिंह, रेफरी, परवीन सिंह, अवध सिंह, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

## युवा नेता संघ के लोगों ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण बचाने की अपील की



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के युवा नेता, युवा संघ व समाजसेवी बैद्यनाथ कुमार दांगी व यदुनंदन पांडेय के नेतृत्व में जपुआ में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी वृक्षारोपण मंगलवार को किया गया। इन लोगों ने अपने साथी संघ सैकड़ो फलदार पौधा का रोपण किया।इस मौके पर बैद्यनाथ कुमार दांगी ने कहा कि प्रकृति के बिना मनुष्य का जीवन असंभव है?। पर्यावरण को बचाना अत्यंत जरूरी है।हमारे पारिस्थिति की तंत्र की संतुलन के लिए सभी प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण ज़रूरी है। इसलिए युद्ध स्तर पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की ज़रूरत है। आइए विलुप्त हो रहे जीव जंतु और वनस्पतियों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लें तथा अपने क्षेत्र को हरा-भरा एवं खुशहाल बनाने का प्रण लें। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित बिनोद ठाकुर, देवनारायण दांगी, सुरेंद्र दांगी, भुवनेश्वर दांगी, कार्तिक राणा, नागिन विश्वकर्मा, कपिल कुमार, मुन्नी पांडेय व अन्य शामिल थे।

## निरंजना नदी से अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से फैली सनसनी

**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के गढ़ केदली के निरंजना नदी घाट से पुलिस ने एक अज्ञात शव को बरामद किया है। अज्ञात शव की खबर मिलते ही स्थानीय थाना प्रभारी मनीष कुमार, एएसआई सुनील दुबे दल बल के साथ गढ़केदली पहुंचे।शव को पुलिस अपने कब्जे में कर पोस्ट मार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। पुलिस घटना के कारणों और चिन्हित स्थानों का सुराग लगाने में जुट गई है।पुलिस कई अहम बिंदुओं पर भी पैनी नजर रख रही है कि हत्या कहीं किया गया और लाश को ठिकाने लगाने के लिए अपराधी निरंजना नदी को सुरक्षित समझा। वहीं दूसरी तरफ पुलिस यह भी सुराग लगाने में जुट गई है कि इसे खिला पिला कर यहां लाया गया और हत्या कर नदी में फेंक दिया गया है।हत्या के कारणों पर भी पुलिस की गहरी नजर है। हत्या के संभावित स्थानों और नदी घाट को पुलिस तलाश रही है। शव को देखने से प्रतीत होता है कि राखी बंधन के उपरांत इस घटना को कारित किया गया है क्योंकि मृत व्यक्ति के हाथ में रखी बंधा हुआ है।मृत व्यक्ति के शरीर, पेट पर चोट के निशान हैं। जबकि चेहरा कान और सर पर गंभीर चोट लगी है। इस घटना के बाबत पुलिस फिलहाल कुछ कहने में असमर्थ है। पुलिस की गहन जांच पड़ताल जारी है।

# ढाई साल बाद लाभुक को मिला प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा का लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के डाड़ी स्कूल चौक करीब दो वर्ष पूर्व बिजली के तार के चपेट में आने से संतोष साहू झुलस गया था। जिसे एक हाथ एक पैर काटना पड़ा। जिसमें लाखों रुपए खर्च आया। मुआवजा राशि लेने के लिए भुक्तभोगी के पत्नी ने सिमरिया बैंक ऑफ इंडिया का चक्कर सैकड़ों बार लगा लगा थक गई और मायूस हो गई। जब घटना या बैंक का कारनामे का अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज एलडीएम रविंद्र कुमार सिंह और राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमलता चंद्रा को जानकारी मिली तो सभी ने इस पर संज्ञान लिया। और संयुक्त रूप से संतोष साहू को जीवन ज्योति योजना का सहायता राशि का चेक सौंपा है। पिछले ढाई सालों से संतोष कुमार गुप्ता की पत्नी रेणु देवी प्रधानमंत्री जीवन जीवन ज्योति योजना की सहायता राशि प्राप्त करने हेतु दर-दर भटक रही थी। पता हो की 30 जनवरी 2022 को संतोष कुमार गुप्ता की 11000 वोल्ट का तार टूट कर गिर गया था और उसे अपने चपेट में ले लिया था जिससे उनके शरीर का दाहिना हाथ और दाहिना पैर काटना पड़ा था। लेकिन बीमा राशि के लिए बैंकों के उदासीन रवैया के कारण रेणु देवी पिछले ढाई सालों से सिर्फ कागज की पूर्ति करते करते थक चुकी थी। अंत में उन्होंने अपने फरियाद को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा संगठन की प्रदेश अध्यक्षा प्रेमलता चंद्रा के पास पंहुची। श्रीमती चंद्रा ने भुक्तभोगी के साथ जाकर अनुमंडल अधिकारी से मदद गुहार लगाई। अनुमंडल पदाधिकारी ने मामले को संज्ञान लेते हुए एलडीएम और बैंक मैनेजर को निर्देश दिए की जितना जल्द हो सके पीड़ित को लाभ मिले।जो आज पीड़ित संतोष कुमार को 2 लाख की मुआवजा राशि मिली। संतोष कुमार और उनकी पत्नी अनुमंडल पदाधिकारी के प्रति आभार जताया है। मौके पर शाखा प्रबंधक मनीष कुमार, बैंक बीसी मनीष कुमार आदि कई लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस पार्टी ने निकाला सद्भावना पदयात्रा, लगाए राजीव गांधी अमर रहे के नारे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** राजीव गांधी के 80 वां जन्मदिन पर कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को सद्भावना पदयात्रा निकाला। यह पदयात्रा हर्षनाथपुर से निकल कर मुख्यालय चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए रेफरल अस्पताल पहुंचा। जहां कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे के साथ साथ सिमरिया विस के भावी उम्मीदवार मुकेश पासवान, प्रेमरंजन सहित अन्य वरिष्ट कार्यकर्ताओं ने मरीजों के बीच फल का वितरण किया। साथ ही मरीजों के परिजनों को नाश्ता दिया। इस दौरान राजीव गांधी अमर रहे, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाये। जिला अध्यक्ष और भावी उम्मीदवारों ने स्व राजीव गांधी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्गदर्शन पर चलने का आवाहन किया। मुकेश पासवान ने कहा कि राजीव गांधी देश के विकासशील पुरुष थे। उनके कार्यकाल में देश तरक्की के मार्ग में हमेशा आगे बढ़ा है। आगे कहा कि इलेक्ट्रॉनिक आधुनिकी करण उन्ही का देन है जो आज सम्पूर्ण भारत डीजीलायसन की ओर बढ़ रहा है। वहीं प्रेम कुमार रंजन ने कहा कि आज जो भी विकसित हुई है वो स्व राजीव गांधी का देन है उन्होंने ने हीं दूर संचार का जाल पूरे देश में फैलाने का आह्वान किया था। जो आज कोने कोने में डिजिलाइसन हुआ है। मौके पर मुकेश सिंह, करम साव, युवा विधानसभा अध्यक्ष अरुण कुमार यादव, धर्मेंद्र यादव, मो कासिम, मतलु राम, सहदेव महतो, मो कौशर, नसरुद्दीन अंसारी, मो अजमुद्दीन, ओमप्रकाश पाठक, लक्ष्मी साव, महावीर दांगी, रवि कुमार गुप्ता, रविंद्र सिंह, आनंद भारती, ब्रह्मदेव भारती, सुबेश राम, प्रतिमा देवी, प्रिया, बबिता देवी सहित सैकड़ो पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ ने विधायक को सौंपा मांगपत्र

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के संयुक्त मंत्री पंकज कुमार पाठक के अगुवाई में क्षेत्र के वन रक्षकों ने सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह के उनके आवास पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। जहां मांगपत्र के माध्यम से बताया गया कि झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्र कर्मी संवर्ग नियमावली 2014 जो कि विधायक रामचंद्र सिंह के कोशिशों से ही बना हुआ था जिसके तहत झारखंड में कुल 2204 वन रक्षकों की नियुक्ति की गई थी । जहां उक्त नियमावली में साफ था कि वनपाल के शत प्रतिशत पद पदोन्नति के ही होंगे लेकिन झारखंड सरकार का कैबिनेट के प्रस्ताव संख्या 21 के तहत उक्त नियमावली को संशोधित कर वनपाल प्रोन्नति को 50 प्रतिशत कर दिया गया है। आगे बताया गया कि नियमावली के संशोधन से झारखंड के सभी वन रक्षकों के भविष्य में होने वाले प्रोन्नति पर विराम लग गया है।

# वादाखिलाफी बर्दाश्त नहीं, युवा आक्रोश रैली के माध्यम से हेमंत सरकार को याद दिलाएंगे युवा, रांची जाकर जताएंगे विरोध : मनीष जायसवाल

## 23 अगस्त को भाजयुमो का युवा आक्रोश रैली, हजारीबाग भाजयुमो ने किया प्रेस-वार्ता, सांसद सहित कई गणमान्य हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार और हेमंत सरकार की युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 23 अगस्त को झारखंड की राजधानी रांची में भारतीय जनता युवा मोर्चा ( भाजयुमो) के तत्वाधान में आयोजित युवा आक्रोश रैली को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा, हजारीबाग के जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय की अध्यक्षता में सांसद सेवा कार्यालय परिसर में एक प्रेस- वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषरूप से हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग भाजपा संगठन प्रभारी अशोक उपाध्याय, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। प्रेस-वार्ता में विषय प्रवेश भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजकरण पांडेय ने किया और बताया की भाजयुमो के बैनर तले संपूर्ण झारखंड से लाखों युवा 23 अगस्त को रांची पहुंचेंगे और सीएम हाउस का घेराव करेंगे। उन्होंने बताया की हजारीबाग के युवा भी इस युवा आक्रोश रैली को लेकर खासा उत्साहित हैं और हेमंत सरकार द्वारा युवाओं को किए गए वादा पूरे नहीं होने से खफा युवा हुंकार भरने और आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सरकार को हटाने को तैयार हैं। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की राज्य की हेमंत सरकार ने युवाओं को ठगा है, छला है। राज्य सरकार द्वारा जो भी प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित हुई है वह सभी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। नामकुम जेई एग्जाम के भ्रष्टाचार के जो मास्टरमाइंड है उसको अभी तक सरकार गिरफ्तार नहीं कर पाई है। आंगनबाड़ी सेविका, सहायक



शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी अभी भी आंदोलन कर रहे हैं। चुनाव के समय किए गए वादों को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। सरकार बनते ही पहले 5 लाख सरकारी नौकरी नहीं तो राजनीति से संन्यास जब तक नौकरी नहीं तब तक 5000-7000 का बेरोजगारी भत्ता के वादे को भी अभी तक राज्य सरकार पूरा नहीं कर पाई। 5 लाख नौकरी कहकर अबतक महज़ 12.5 हज़ार नौकरी ही दिया गया है, बेरोजगारी भत्ता के रूप में अबतक एक पैसा भी किसी भी व्यक्ति नहीं मिला है। झारखंड में बड़े स्तर पर नियुक्तियां फिक्स हैं और नियुक्ति घोटाले हुए हैं। झारखंड के युवाओं के सपने व भविष्य को झामुमो- कांग्रेस- राजद सरकार ने बेच दिया है। आज युवा सड़क पर है और परेशान है। आज राज्य के युवा इस राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकालने के लिए विवस हो रहें है। राज्य सरकार को नींद से जगाने के लिए युवा 23 अगस्त को रांची आकार हुंकार भरेंगे। हजारीबाग भाजपा जिला संगठन के प्रभारी भाजपा नेता अशोक उपाध्याय ने कहा की युवा आक्रोश रैली की तैयारी अंतिम चरण पर है और यह रैली ऐतिहासिक होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने बताया की आगामी 23 तारीख को होने वाले युवा आक्रोश रैली के लिए पूरे झारखंड से युवा रांची जाने वाले है। मुख्यमंत्री का आवास को घेरने के बाद मोराबादी में सभा होगी। हेमंत सोरेन सरकार ने युवाओं को सड़क पर उतरने को मजबूर कर दिया है। युवा उग्र हैं और हजारीबाग जिले के प्रत्येक मंडल एवं शक्ति केन्द्र स्तर से युवा इस आक्रोश रैली में भाग लेंगे। उन्होंने बताया की हजारीबाग से लगभग 200 बस और सैकड़ों सवारी गाड़ी के माध्यम से करीब 20 हज़ार युवा रांची जाएंगे। रांची में युवाओं का एक विशाल जनसैलाब उमड़ेगा जो सीएम आवास घेराव के माध्यम से मुख्यमंत्री को चुनाव के समय किए गए वादे को याद दिलाने का काम करेगा। उक्त प्रेस वार्ता में हजारीबाग जिला भाजपा के उपाध्यक्ष आनंद देव, वरिष्ठ भाजपा नेता के.पी. ओझा, जिला मंत्री जयनारायण कुशवाहा, दिनेश सिंह राठौड़, जिला मीडिया सह- प्रभारी विवेक जोशी, चौधरी प्रसाद, विजय वर्मा, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में धनराशि आने पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने जताया आभार

▶ **मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा : उमाशंकर अकेला**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में धनराशि जमा होने पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है। विधायक ने कहा कि इस योजना से जिले की कई महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा और उनका आर्थिक सशक्तिकरण होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। विधायक श्री अकेला ने राज्य सरकार की इस योजना को एक महत्वपूर्ण कदम बताया, जो महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह योजना प्रदेश की महिलाओं के भविष्य को सुरक्षित करने और उन्हें समाज में सशक्त बनाने की दिशा में अहम योगदान देगी।

**ग्रामीण महिलाओं ने मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के लिए जताया आभार**

इधर नादरा बेगम, संगीता देवी, अनिता देवी, कलीमुन निशा, रेहाना खातुन, शालिका प्रवीण, सितारा खातुन ने मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना को लेकर विधायक उमाशंकर अकेला का आभार व्यक्त किया है। कहा कि इस योजना के तहत, महिलाओं को विशेष रूप से लाभान्वित करने वाले कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। महिलाओं ने कहा कि इस योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं और उन्हें समाज में अधिक सम्मान और सुरक्षा का एहसास हो रहा है। महिलाओं ने विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस योजना से उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिल रहा है।

## आरक्षण वर्गीकरण को लेकर भारत बंद को सफल बनाएंगे बड़कागांव के एसटी एससी समाज के लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एसटी,एससी आरक्षण वर्गीकरण के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन भारत बंद को लेकर आज 21 अगस्त को बड़कागांव में बंद रहेगा। इस संबंध में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संघ के सदस्यों ने बैठक कर निर्णय लिया। बैठक के बाद बड़कागांव थाना में लिखित सूचना दी गई। 20 अगस्त के शाम को मसाल जुलूस निकाला गया। वक्ताओं ने कहा कि सदियों से लेकर अब तक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के साथ अन्याय होता रहा है। भले ही अन्य जाति के लोग साथ में उठते- बैठते हैं लेकिन मानसिक रूप से आज भी वे भेदभाव करते हैं। एसटी एवं एससी समुदाय के लोग आज भी आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। निजी



संस्थानों में भी आरक्षण नहीं मिलता है। ऐसी स्थिति में हम हमारे अधिकांश बच्चे शैक्षणिक, राजनीतिक एवं सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं ।माननीय सर्वोच्च न्यायालय आग्रह है कि हमारे स्थिति को देखते हुए हमें वर्गीकृत नहीं किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह भोक्ता समाज के अध्यक्ष कुलेश्वर गंझू, मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष दीपक दास, पूर्व मुखिया बिशुन रजक, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम, महासचिव कृष्णा राम, अखिल भारतीय भुइयां समाज के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु भुइयां, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, दिनेश्वर राम पासवान, रविदास महासभा के नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, रघुनाथ राम, नरेंद्र राम, शंकर कुमार भुइयां ,सतीश कुमार दास, गिरजा भुइयां, राजेश भुइयां, उदय राम, अखिलेश कुमार दास आदि शामिल थे।

## धनबाद रोड में जय श्री श्याम ड्राई फ्रूट व जूस सेंटर का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही धनबाद रोड में नए ड्राई फ्रूट और जूस सेंटर, जय श्री श्याम ड्राई फ्रूट एवं जूस सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस सेंटर का शुभारंभ पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। पूर्व विधायक ने कहा कि ताजगी और स्वस्थ्य के लिए यह दुकान उपयोगी साबित होगा। वहीं दुकान के प्रोपराइटर मिथलेश केशरी ने बताया की यहां पर उचित दाम पर फ्रेश फ्रूट, जूस एंव ड्राई फ्रूट मिलेगा। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, वरिष्ठ भाजपा नेता परमेश्वर यादव, अशोक यादव, युगल यादव, आकाश जायसवाल, अमर यादव उर्फ़ धोनी ,कैलाश केशरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मॉडर्न पब्लिक हाई स्कूल ने वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में प्रथम वार्षिक परीक्षाफल स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम की अध्यक्षता एवं निदेशक कुलदीप कुमार की संचालन में घोषित किया गया। मौके पर प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने बच्चों से कहा कि शिक्षा ही सभी सुखों का खान है आप जितना पढ़ेंगे उतनी आगे बढ़ेंगे और सुखी रहेंगे ।इतना ही नहीं आपके साथ आपके पूरे परिवार समाज भी लाभान्वित होंगे। शिक्षा के साथ कभी भी समझौता नहीं करें।निदेशक कुलदीप कुमार ने कहा की निरंतर अध्ययन और अभ्यास करने से विद्यार्थी अपने जीवन में सफल होता है।परीक्षा में बेहतर करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें सीनियर क्लास में प्रथम श्रेणी से नजीर हुसैन, पल्लवी रानी, सरवन कुमार, माही कुमारी, काजल कुमारी, उपेंद्र कुमार, समन आरजू। द्वितीय श्रेणी में काजल कुमारी, प्रिया भारती,सुमित कुमार,संदीप कुमार, ज्योति कुमारी, जयराम कुमार, रितिका रानी, तृतीय स्थान में अनुराधा कुमारी, रिया कुमारी, कुंदन कुमार, खुशी कुमारी, निशु कुमारी, पवन कुमार, रितिका कुमारी, चंदा कुमारी, नुसरत सबा, अनमोल कुमार, जूनियर क्लास में कशिश कुमार, मयंक कुमार, सूरज कुमार, पीहू कुमारी, युवराज कुमार, समीर राजा, सुप्रिया रानी, द्वितीय स्थान में सूरज कुमार, उज्जवल कुमार, निरंजन कुमार, खुशी कुमारी, अनन्या कुमारी, आरफा नाज, अर्नब महानता, अनामिका कुमारी, दिव्या कुमारी, रुपाली कुमारी, शहनाज परवीन, अभिषेक कुमार, निदा सबा, आयुष सोनी का नाम शामिल है।

## अजीत चंद्रवंशी बने भाजपा हजारीबाग ओबीसी मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर अमरदीप यादव के द्वारा अजीत चंद्रवंशी को दोबारा हजारीबाग ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनित किए जाने पर बड़कागांव पूर्वी मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव ने बधाई दी है। मौके पर अशोक साव ने कहा के अजीत चंद्रवंशी के कार्य कुशलता को देखते हुए उन्हें दोबारा मौका मिला है। उनके नेतृत्व में बेहतर संगठन का लाभ पार्टी को मिलेगा। बधाई देने वालों में ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बालेश्वर महतो, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भोपाल स्वर्णकार, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य सोनी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, अशोक महतो, गोविंद महतो, गणेश जाधव, विनोद महतो, राजू साहू, मुकेश साहू, शोले नायक, रंजीत साहू समेत अन्य लोग शामिल हैं।

## एनटीपीसी सीबी ने स्कूली बच्चों के बीच किया स्कूल बैग का वितरण



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने 170 बच्चों को स्कूल बैग्स वितरण किया। यह आयोजन उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय, चट्टी बरियातु में हुआ। जहां चट्टी बरियातू मुखिया झरीलाल महतो की उपस्थिति ने समारोह को खास बना दिया। यह कार्य चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। जिससे स्थानीय बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन मिलेगा! पिछले शुक्रवार को 631 स्कूल बैग्स परियोजना ने पगार हाई स्कूल मे दिया था। स्कूल बैग वितरण करते समय मुखिया ने बच्चों को स्वतंत्रता, शिक्षा और समाज सेवा के महत्व के बारे में प्रेरणादायक बातें कीं। इस प्रयास ने न केवल बच्चों की पढ़ाई को सरल बनाया बल्कि उन्हें उनके भविष्य के लिए भी प्रेरित किया! इस तरह के सामाजिक पहल से स्थानीय समुदाय में एक सकारात्मक संदेश जाता है और शिक्षा के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ती है। मौके पर वरिष्ठ प्रभंधक बी नवीन कुमार ने उपस्तिथ होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## सांसद मनीष जायसवाल ने अपने पहले संसद सत्र में दर्ज़ कराई शत-प्रतिशत उपस्थिति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बीते लोकसभा के मानसून सत्र- 2024 में बतौर सांसद अपने पहले सत्र के दौरान शत- प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराई साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र, झारखंड और देश वासियों के हित में विभिन्न प्रश्नकाल के दौरान कुल 25 प्रमुख मांगों को सदन पटल पर रखा। मानसून सत्र के दौरान उन्हें तीन बार विभिन्न जनहित के ज्वलंत और गंभीर मुद्दों पर बोलने का अवसर प्राप्त हुआ। उक्त बातें हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को अपने सांसद सेवा कार्यालय सभागार में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन कर कही।संवाददाता सम्मलेन को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता ने जिस आशा और विश्वास के साथ उन्हें अपना सांसद चुना है, उसपर खरा उतरने का पूर्ण प्रयत्न करते रहेंगे।



उन्होंने बताया की बतौर सांसद पहली बार लोकसभा के मानसून सत्र में हजारीबाग लोकसभा का प्रतिनिधित्व करते हुए जनहित, राज्यहित और देशहित से जुड़े दो दर्जन से अधिक मामले को उठाया। जिसमें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नियमित अंतराल में भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा रोजगार मेला आयोजन करने, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का विस्तार और प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने की मांग, भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के आखिरी गांव तक जल जीवन मिशन का विस्तार करते हुए नल से जल पहुंचाने की मांग, भारत सरकार के सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र समेत झारखंड में इस कोश का इस्तेमाल करते हुए नई सड़कों के निर्माण की मांग आदि शामिल है। इस मौके पर विशेषरूप से हजारीबाग भाजपा जिला संगठन के प्रभारी अशोक उपाध्याय, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह, हजारीबाग भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय, हजारीबाग जिला भाजपा के उपाध्यक्ष आनंद देव, वरिष्ठ भाजपा नेता के.पी. ओझा, जिला मंत्री जयनारायण कुशवाहा, दिनेश सिंह राठौड़, जिला मीडिया सह- प्रभारी विवेक जोशी, चौधरी प्रसाद, विजय वर्मा, विजय कुमार, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यालय से निकाली गई सद्भावना यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस कार्यालय से पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य सद्भावना यात्रा का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, संजय तिवारी, उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, रजी अहमद, बेबी देवी, मनीशा टोप्पो, कोमल राज़ व कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता गण एवं कार्यकर्ताओं ने इस यात्रा में भाग लिया। यह यात्रा झंडा चौक से प्रारंभ होकर सदर अस्पताल रोड होते हुए इन्द्रपुरी चौक स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा तक पहुंची, जहां मुन्ना सिंह और अन्य नेताओं ने माला अर्पण कर स्व. राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा, ÷राजीव गांधी ने अपने जीवन में देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो योगदान दिया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी जयंती पर इस सद्भावना यात्रा के माध्यम से हम उनके विचारों और आदर्शों को स्मरण करते हुए, उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। मुन्ना सिंह ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य केवल श्रद्धांजलि अर्पित करना नहीं, बल्कि समाज में सद्भाव और एकता का संदेश फैलाना भी है। कार्यक्रम के समापन पर, मुन्ना सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया और उन्हें समाज के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहने का आग्रह किया।

## डॉ नजीर अंसारी ने सुदूरवर्ती क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही (हजारीबाग)।** मंगलवार को भावी विधायक प्रत्याशी डॉ नजीर अंसारी ने चुरचू प्रखण्ड के चिचिकला ग्राम में जनसंपर्क किया। जिसकी अध्यक्षता नंदलाल राम और हिरामन राम ने की। ग्रामीणों ने बताया कि पूरा गांव जंगलों के बीच बसा हुआ है एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां रोज़गार, आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिऐ प्राथमिक विद्यालय और खान पान की उचित व्यवस्था नहीं हैं । मूल सुविधाओं से वंचित होने के कारण ग्रामीण काफी परेशान है। मौके पर डॉ. नज़ीर अंसारी ने लोगों को शिक्षा, स्वास्थ की अहमियत समझाई और एक छोटी सी मदद के रूप मे मुफ्त चिकित्सा के लिए चिकित्सा स्लिप दी, इससे ये सभी मुफ़्त जांच और ईलाज करवा पाएंगे। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि मांडू विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिऐ बदलाव करना अति आवश्यक है।

## भाजपा पूर्वी मंडल ने युवा आक्रोश रैली को लेकर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ भाजपा पूर्वी मंडल की बैठक मंगलवार को जोबर पंचायत स्थित तुलसी सिंह रजनी के आवास में रखी गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार ने किया। बैठक में झारखंड की हेमन्त सरकार ने चुनाव पूर्व झारखण्ड की जनता से वादा कर मुकर गई, जनभावना के साथ खिलवाड़ किया,इसके तत्वावधान में भाजपा 23 अगस्त 2024 को विष्णुगढ़ पूर्वी से सैकड़ो की सँख्या में राजधानी राँची में मुख्यमंत्री के सचिवालय का घेराव करेगी। इसकी तैयारी को लेकर विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल ने महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।बैठक को सम्बोधित करते हुए सुखदेव रजवार ने कहा कि चुनाव के समय हेमन्त सोरेन ने झारखण्ड की जनता से कहा था,कि पाँच लाख युवाओं को प्रतिवर्ष नौकरी दी जायेगी, शिक्षित बेरोजगारों को 5000 और 7000 बेरोजगारी भत्ता, महिला सुरक्षा,



गैरमजुरुवा जमीन का दाखिल खारिज वादे के साथ सत्ता में आई, जिसमे एक वादा भी हेमन्त सोरेन की ठगबंधन सरकार आने के बाद पूरा नही किया,जिससे झारखंड के युवा,महिला और आमजन दुखी है। हेमंत सोरेन सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वाधान में 23 अगस्त 2024 को अधिक से अधिक सँख्या में युवा आक्रोश रैली को सफल बनाए तथा आने वाली विधानसभा चुनाव में हेमन्त सोरेन को वोट की चोट से सबक सिखाया जाय। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण महतो,महामंत्री प्रकाश साव,भाजयुमों पूर्वी मंडल अध्यक्ष गोविंद कुमार महतो,उपाध्यक्ष विनोद साव, महामंत्री तुलसी सिंह रजनी, रेवत लाल शर्मा,हीरालाल प्रसाद, सखी मिस्त्री, लखन साव, सूरज पाठक, निरंजन मिस्त्री, हुलाश महतो, दिनेश्वर यादव, जगदीश महतो, श्यामसुंदर विश्वकर्मा, भोला कुमार महतो समेत दर्जनों की सँख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मुन्ना सिंह ने हजारीबाग सदर से पेश की दावेदारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने हजारीबाग स्थित कांग्रेस कार्यालय में सदर विधानसभा सीट से अपनी दावेदारी का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव और अन्य जिला पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। मुन्ना सिंह हजारीबाग सदर से आगामी चुनाव के लिए एक प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं, और वह कई वर्षों से समाजसेवी के रूप में क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की तरफ से मजबूत दावेदारी के रूप में मुन्ना सिंह का नाम उभरकर सामने आया है। मुन्ना सिंह ने इस अवसर पर कहा, ÷एक जनप्रतिनिधि के तौर पर क्षेत्र की सेवा करने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। वे पूरी निष्ठा से कांग्रेस



की विचारधारा को आगे बढ़ाने और हजारीबाग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।÷ उन्होंने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकता हजारीबाग क्षेत्र के जनहित के मुद्दों को हल करने पर रहेगी, जिसमें स्थानीय विकास, रोजगार, शिक्षा, और स्वास्थ्य जैसी आवश्यकताएं शामिल हैं। जहां भाजपा की ओर से 10 से भी अधिक लोग दावेदारी पेश कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी की तरफ से पूरे क्षेत्र में केवल मुन्ना सिंह का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने मुन्ना सिंह की दावेदारी का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान, मुन्ना सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आगामी चुनाव में एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, लोकसेवा हमारी परंपरा है, और इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

## धनबाद प्रेस क्लब की नई कमेटी ने उपायुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद प्रेस क्लब के नई कमेटी के अध्यक्ष संजीव झा, महासचिव अजय प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, सचिव संजय चौरसिया एवं कार्यकारिणी सदस्य विपिन कुमार रजक ने मंगलवार को धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात कर प्रेस क्लब की तरफ से उनके सम्मान में मोमेंटो प्रदान किया। इस दौरान नए धनबाद प्रेस क्लब भवन निर्माण की कार्य प्रगति को लेकर चर्चाएं भी हुई। धनबाद उपायुक्त ने भरपूर मदद का भरोसा दिया।

## समाजसेवी हरेंद्र सिंह ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्वस्थ शरीर का होना अनिवार्य है। इसी सिद्धांत के तहत गोविंदपुर, आसनबनी के हीरापुर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह द्वारा किया गया, जिसमें 100 से अधिक लोगों को लाभ मिला। शिविर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच, जैसे ब्लड प्रेशर, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन, सामान्य स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण की गई। इस अवसर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम मौजूद रही, जिन्होंने मरीजों को उचित सलाह दी और उनके स्वास्थ्य से संबंधित सवालों का जवाब दिया एवं मुफ्त दवाइयों का भी वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की मांग की।

## जन आक्रोश रैली को लेकर भाजपा ने की बैठक




**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 23 अगस्त को मोहराबादी मैदान रांची में होने वाली ÷जन आक्रोश रैली÷ को सफल बनाने के लिए मंडल धर्मशाला सरिया मे भाजपा सरिया मंडल की कामकाजी बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय यादव , एवम संचालन सतीश मंडल ने किया , सर्व प्रथम पार्टी के नियमानुसार वंदे मातरम् गान के साथ बैठक की शुरुआत की गई तत्पश्यत आगामी युवा जन आक्रोश रैली एवम मन की बात कार्यक्रम की सफल बनाने की चर्चा परिचर्चा की गई 23 अगस्त रांची प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ता कैसे जायेंगे इसलिए प्रत्येक पंचायत में प्रभारी एवम सह प्रभारी की नियुक्त की गई, वहीं मन के बात कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जीप सदस्य एवम भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता माथुर एवम प्रभारी के रूप में पूर्व ( युवा ) जिलाध्यक्ष आशीष बॉर्डर, जिला मंत्री रजनी कौर,परमेश्वर मोदी हरिहर मंडल,हेमलाल मंडल उर्फ़ छोटू मंडल, सचिन सिंह, फागु पंडित, बिनोद यादव मुकेश यादव, संटू मंडल, धीरेन पासवान, चिंतामणि मंडल,टिंकू साव, संजय वर्मा, युधिष्ठिर मंडल, पिंटू मोदी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## इस्कॉन जिम का हुआ विधिवत उद्घाटन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िला अंतर्गत उप नगरी पचंबा के समिप परसाटांड़ मोड़ पर देर शाम को सावन पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को इस्कॉन जिम का उद्घाटन किया गया, इस अवसर पर परसाटांड़ पंचायत के पूर्व मुखिया निर्मल प्रसाद वर्मा, बासुदेव प्रसाद वर्मा, मिलिक- मनोहर वर्मा, राजेश वर्मा एवं बबलू वर्मा ने सामूहिक रूप से फीता काट कर कर न्यू ओपनिंग जिम का उद्घाटन किया गया।उद्घाटन के दौरान संचालक मनोहर प्रसाद वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में भाग दौड़ वाली जिंदगी में सभी के लिए स्वास्थ्य रहना सबसे महत्वपूर्ण हो गया है। व्यस्तता और समय के अभाव में लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते हैं, जिसका दुष्परिणाम शरीर पर पड़ता है और तरह तरह के बिमारी फैलता है इस लिए स्वास्थ्य रहने के लिए प्रतिदिन 1 घंटा जिम करने से इंसान स्वस्थ रहता है इसी को ध्यान में रखते हुए सराहनीय प्रयास किया हुं।

# राज्य स्तरीय फोटो प्रतियोगिता में चंदन पाल को द्वितीय व ज्योति को स्पेशल प्राइस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन और रांची प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वाधान प्रेस क्लब में आयोजित दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हो गया। समापन के मौके पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, कला एवं संस्कृति युवा कार्य मंत्री हफीजुल अंसारी, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व चैंबर अध्यक्ष कुणाल अजमानी, अलोक दुबे, पीआरओ सीसीएल अलोक गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

अतिथियों को फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अधिकारियों ने शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी फोटो जर्नलिस्ट सीनियर फोटोग्राफरों को भी एसोसिएशन ने सम्मानित किया।फोटो प्रदर्शनी में कई राज्यो से आए हुए तस्वीरों में विभिन्न घटनाओं की जीवंत तस्वीरें और संदेश देते फोटो प्रदर्शित किए गए।

बेहतर फोटो के लिए जिकरा रांची के आमरीन को प्रथम, धनबाद टाइम्स ऑफ़ इंडिया के फोटो जर्नलिस्ट चंदन पॉल को द्वितीय, रांची जर्नलिज्म के विद्यार्थी अविराज को तृतीय पुरस्कार एवं सात विशेष पुरस्कार दिया गया जिसमें धनबाद प्रभात खबर के ज्योति राय को विशेष पुरस्कार मिला।

पुरस्कृत विजेताओं को मंत्री हफीजुल अंसारी और राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर आए हुए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने प्रदर्शनी की प्रशंसा की।

## महिला चिकत्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में पेन डाउन हड़ताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** महिला चिकत्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या करने के विरोध में सेल जीतपुर हॉस्पिटल के चिकत्सको एवं सभी स्टाफ ने कैंडल जला कर श्रद्धांजलि दी और पांच मिनट का मौन रखा। उसके बाद जीतपुर हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं सभी स्टाफ ने पेन डाउन हड़ताल रखी। डॉक्टर पी चौधरी ने कहा की जब तक हमारी बहन को न्याय नहीं मिल जाता और सरकार हमारी पूरी सुरक्षा का इंतजाम नहीं कर देती, हम अपना विरोध जारी रखेंगे। जब ड्यूटी के दौरान एक डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की गई। क्या हम काम पर आते समय यही उम्मीद करते हैं? हमारा विरोध बहुत प्रासंगिक है।

वहीं डॉ पूनम कुमारी ने कहा की डॉक्टरों और अस्पतालों पर हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराध और बर्बरता ने देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। आरोपी को फासी की मांग करती हूँ। मौके पर डॉ पूनम कुमारी, डॉ पी चौधरी, रचना महतो, विकाश कुमार सिंह, मो सनावुर अंसारी, राजेश कुमार, ए के शर्मा आदि लोगो मौजूद थे।

## गंगागिरी महाराज की अभद्र टिप्पणी से नाराज सबिले हुसैन ट्रस्ट ने एफआईआर दर्ज की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सबिले हुसैन ट्रस्ट के अध्यक्ष मौलाना हाफिज आरिफ रजा कादरी ने गंगागिरी महराज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया और कहा की 15 अगस्त को एक धार्मिक कार्यक्रम में महाराज नामी ने कार्यक्रम के दौरान मुसलमानों के सबसे बड़े धार्मिक गुरु और हज़रत आयशा की शान मे गुस्ताखी की और अपशब्द कहा। इससे दुनिया भर के मुसलमानों के दिल को ठेस पहुंची है और सभी काफी गुस्सा और दुखी है। श्री कादरी ने आगे कहा कि मुसलमान सब कुछ बर्दाश्त कर सकता है लेकिन पैगंबर की शान में गुस्ताखी हरगिज़ बर्दाश्त नहीं कर सकता है। कहा की आए दिन इस तरह के लोग भारत का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

ये सभी लोग भारत के संविधान को लंगड़ा और घायल समझ रहे हैं। मैं भारत सरकार और विशेष कर महाराष्ट्र पुलिस से ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का अनुरोध करता हूं ताकि आने वाले कल के लिए यह एक मिसाल बने और भारत मे अमन-चैन कायम रहे।

## असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आसन्न विधान सभा निर्वाचन 2024 के आलोक में मंगलवार से तीन दिवसीय असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण पुराना डीआरडीए सभागार में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तरह विधान सभा चुनाव भी त्रुटि रहित संपन्न कराने का प्रयास करना है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में 6 नए मास्टर ट्रेनर सहित 74 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने भी सभी का हौसला आफजाई करते हुए और बेहतर तरीके से प्रशिक्षण देने को कहा। प्रशिक्षण में मतदान के पूर्व की तैयारियां और मतदान के दिन की तैयारियों के बारे में बताया गया और आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। वहीं प्रशिक्षण के आगामी सत्रों में आदर्श आचार संहिता, पोस्टल बैलेट, निर्वाचन खर्च, सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण, काउंटिंग प्रशिक्षण आदि बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र को मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, संजय कुमार, कुमार वंदन, आलोक कुमार तिवारी, घनश्याम दुबे, ब्रज किशोर चौबे आदि ने भी संबोधित किया।

## ओबीसी कोल एम्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की हुई बैठक



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल, लोदना क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक बीसीसीएल जोन के अध्यक्ष राम दुलार सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें ओबीसी बीसीसीएल जोन के महामंत्री भोलानाथ यादव के साथ-साथ संरक्षक बिंदेश्वरी प्रसाद, सुभाष माली, दयाराम सिंह यादव, रामनारायण राय, विजय कुमार यादव, सुनील कुमार यादव, सुखदेव शर्मा, अतहर हुसैन, भोला प्रसाद यादव, मुन्ना राजभर, देवचंद ठाकुर, रविशंकर प्रसाद, बढ़न यादव, रामनाथ गोप, उदय कुमार राय, मनोहर सिंह, हीरालाल निषाद, अरुण नोनिया, हरिनारायण यादव आदि बैठक में शामिल हुए तथा पूरे बीसीसीएल जोन में ओबीसी संगठन का प्रचार प्रसार हेतु क्षेत्र सह संपर्क अभियान प्रारंभ हुई। साथ ही साथ क्षेत्र में संयोजक सह संयोजक का गठन कि गई। वक्ताओ ने कहा कि 25 अगस्त को बीपी मंडल का जन्मदिन पर सिंगरौली में विशाल कार्यक्रम आयोजित है जिसमे बीसीसीएल, ईसीएल, डब्लू सी एल, एमसीएल, सीसीएल सहित अन्य यूनिट से पदाधिकारियों की टीम आ रही है।

# टुंडी झामुमो का अंतर्कलह उजागर हैं दो-दो पार्टी कार्यालय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी में झामुमो की अंतर्कलह तब उजागर हुआ जब एक पार्टी कार्यालय के रहते दूसरे कार्यकाल का उद्घाटन पूर्व झामुमो जिलाध्यक्ष रमेश टुडू की उपस्थिति में फीता काटकर कर दिया गया। टुंडी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की ने इसकी लिखित शिकायत वर्तमान जिलाध्यक्ष लखी सोरेन को भेजा है जिसका प्रति प्रभात मंत्र संवाददाता को उपलब्ध कराया गया है। प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की ने इस लिखित आवेदन में पूर्व जिलाध्यक्ष पर कई गंभीर आरोप का जिक्र किया है प्रखंड अध्यक्ष द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए उल्लेख किया गया है कि आयें दिन पूर्व



जिलाध्यक्ष के द्वारा टुंडी विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण किया जाता है एवं अपने आपको आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर भावी प्रत्याशी बताकर लोगों को दिग्भ्रमित करने का काम किया जा रहा है जो कि घोर पार्टी विरोधी कार्य है इसका जीता-जागता उदाहरण कल वन विभाग के बगल में पार्टी कार्यालय रहते दूसरे कार्यकाल का विधिवत उद्घाटन कर दिया है।

प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की ने झामुमो धनबाद जिलाध्यक्ष को इस पर त्वरित संज्ञान लेकर पार्टी विरोधी कार्य करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग किया है। आगे बास्की ने कहा कि चुनाव नजदीक है अगर इस तरह के कार्य करने वालों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो पार्टी पर प्रतिकूल असर पड़ेगा साथ ही कार्यकर्ताओं में एक ग़लत संदेश जाएगा और कार्यकर्ता किंकर्तव्यविमूढ़ जैसा मकड़जाल में फस जायेंगे।

# पैच डबलिंग कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में हुआ अस्थायी बदलाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** समस्तीपुर मंडल के नरकटियागंज-पनियहवा रेलखंड के मध्य हरिनगर एवं भैरोगंज स्टेषन पर पैच डबलिंग कार्य के मद्देनजर इस रेलखंड पर चलने वाली कुछ ट्रेनों के परिचालन में निम्नानुसार अस्थायी बदलाव किया गया है :-

21.08.2024 एवं 22.08.2024 को परिचालन रद्द की गई ट्रेनें÷

1. 05040 बढ़नी-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेषल ट्रेन ।
2. 05039 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट पैसेंजर स्पेषल ट्रेन ।
3. 05450 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेषल ट्रेन ।
4. 05449 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट पैसेंजर स्पेषल ट्रेन ।

ऽ **ट्रेनों का आंषिक समापन**

1. 05096 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेषल ट्रेन का 22.08.2024 तक बगहा में आंषिक समापन किया जाएगा ।
2. 05498 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज पैसेंजर स्पेषल ट्रेन का 21.08.2024 एवं 22.08.2024 को बगहा में आंषिक समापन किया जाएगा ।
3. 15201 पाटलिपुत्र-बगहा एक्सप्रेस का 22.08.2024 तक नरकटियागंज में आंषिक समापन किया जाएगा ।

ऽ **ट्रेनों का आंषिक प्रारंभ**

1. 05095 नरकटियागंज-बढ़नी पैसेंजर स्पेषल ट्रेन का 22.08.2024 तक आंषिक प्रारंभ बगहा से ।
2. 05497 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट पैसेंजर स्पेषल ट्रेन का 22.08.2024 एवं 23.08.2024 को आंषिक प्रारंभ बगहा से ।
3. 15202 बगहा-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन का 21.08.2024 से 23.08.2024 तक आंषिक प्रारंभ नरकटियागंज से ।

ऽ **ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन**

1. दिनांक 21.08.2024 को खुलने वाली 12212 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया गोरखपुर-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते ।

## धनबाद महानगर के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने गजनफर खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मो अनवर हयात ने प्रदेश पदाधिकारी, प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी, आईटी सेल प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी की नई सूची जारी की है जिसमे धनबाद महानगर के मो. गजनफर खान को प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है जिससे उनके समर्थकों एवं शुभचिन्तकों मे खुशी की लहर है। इस मनोनयन पर गजनफर खान को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सभी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वही गजनफर खान ने अपनी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया और कहा की पार्टी ने उन्हे जिस विश्वाश के साथ इस दायित्व को सौंपा है, उसे वो पुरी इमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने की कोशिश करेंगे और धनबाद महानगर मे भाजपा को और भी सशक्त और मजबूत बनायेंगे।

# झारखंड ऑफिसर्स टीचर इंप्लाइज फेडरेशन का बेंगाबाद में पुर्नगठन

### बसंत कुमार बने अध्यक्ष वही राज नारायण वर्मा सचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** मंगलवार को गिरिडीह ज़िले के बेंगाबाद में झारखंड ऑफिसर्स टीचर इंप्लाइज फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह के निर्देशानुसार प्रखंड कार्यकारिणी का गठन किया गया । कार्यक्रम में बतौर चुनाव पर्यवेक्षक ऋषिकांत सिंह चुनाव प्रभारी उमाशंकर राम एवं भुवनेश्वर वर्मा उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संगठन के धनबाद जॉन सचिव इम्तियाज अहमद जिला अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद कुशवाहा उपस्थित हुए।वही कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने किया। बेंगाबाद प्रखंड में अवस्थित विभिन्न उच्च विद्यालय एवं प्राथमिक प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं प्लस टू उच्च विद्यालय बेंगाबाद में प्रखंड कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया जिसमें विभिन्न पदों के लिए निम्नलिखित सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए। प्रखंड अध्यक्ष बसंत कुमार ,प्रखंड सचिव राज नारायण वर्मा ,उपाध्यक्ष इफ्तेखार अहमद ,विकास कुमार सिंह ,संजक सचिव उमेश प्रसाद चौधरी, मोहम्मद महफूज आलम ,कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम कुमार सिंह, उमाशंकर राम, भुवनेश्वर वर्मा ,परवेज आलम, अरविंद कुमार ,ओमप्रकाश राय, जफरुल हक ,मोहम्मद मुस्तकीम अंसारी ,वहीं महिला शाखा के लिए प्रखंड अध्यक्ष अंजना कुमारी ठाकुर सचिव ,दीपक कुमारी उपाध्यक्ष ,नाजिया खातून ,निर्मला कुमारी, मंडल संयुक्त सचिव विभूति रंजन ,अमित चरण, कार्यकारिणी सदस्य में पूनम कुमारी, माधुरी कुजूर ,रीना देवी, वेरोनिका कुजूर चुने गए।

# जनता दरबार : महिला ने की जमीन से जबरन रास्ता मांगने की शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लोको बाजार, गोमो से आई एक महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनके पैतृक घर के पास एक व्यक्ति ने जमीन खरीदी है। उस जमीन पर जाने के लिए वह महिला की जमीन से जबरन रास्ता मांग रहा है। जब 16 अगस्त को महिला ने इसका विरोध किया तो उस व्यक्ति ने महिला के साथ मारपीट की।

बीच बचाव करने आए महिला के बेटा और बेटी से भी मारपीट की। इसकी शिकायत लेकर जब हरिहरपुर थाना पहुंची तो थाना से उसे कोई सहयोग नहीं मिला।

वहीं बरोरा एरिया के रहने वाले व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि जमीन अधिग्रहण के तहत बीसीसीएल ने उनका घर तोड़ दिया है। घर तोड़ने के बाद न मुआवजा दिया ना ही नियोजन मिला। इसी प्रकार एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि एम.ओ.सी.पी. के लिए बीसीसीएल ने उनकी जमीन का अधिग्रहण किया परंतु जमीन के बदले न मुआवजा मिला और न नियोजन दिया।

इसके अलावा जनता दरबार में आवास दिलाने, पेंशन का भुगतान कराने, जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने, सरकारी जमीन पर जबरन दखल करने, इलाज के लिए सहायता प्रदान करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई।

# कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में स्वर्गीय राजीव गांधी की मनाई गई जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस मौके पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया और पार्टी पदाधिकारियों द्वारा उनकी जीवनी को याद किया गया और देश की उन्नति में उनके द्वारा किए गए कार्यों को सराहा गया। इस मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा की स्वर्गीय राजीव गांधी जी आधुनिक भारत के निर्माता थे उन्होंने वैश्विक पटल पर भारत देश का नाम ऊंचा किया वे पंचायती राज एवं सूचना प्रौद्योगिकी कंप्यूटर क्रांति के जनक थे। उन्होंने नवोदय विद्यालय का निर्माण किया ताकि गरीब बच्चे शिक्षा प्राप्त करें।कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि राजीव गांधी जी ने स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में महिलाओं को 33% रिजर्वेशन दिलवाने का काम उन्होंने किया। मतदाता की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष तक के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार राजीव गांधी ने दिलवाया।विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि कहा कि राजीव गांधी का देश के निर्माण और विकास में बहुत योगदान है। उन्होंने कंप्यूटर क्रांति की शुरुआत की और युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मत देने का अधिकार दिलाया और युवाओं को राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनाया। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की दूरगामी सोच थी इसी का नतीजा है कि आज भारत की गिनती विकासशील देशों में होती है। मौके पर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, हाजी सिकंदर अंसारी, प्रदीप विस्कर्मा, मोहन दुबे, जगदीप भगत, ठाकुर प्रसाद, सीमा परवीन, मुजम्मिल अंसारी, विनोद सिंह, रविंदर सिंह, जुगल भगत, युनुस अंसारी, नुसरत अंसारी, अनीस अहमद, सत्यदेव भगत, सीमा परवीन, विशाल डुंगडुंग, सुशीला देवी, हरी उरांव, सरिता देवी, राजू कुरैशी, साजिद अहमद चंगु, रसीद अंसारी, इम्तियाज अंसारी, मनीष उरांव, कमरूल इस्लाम, राजेश लाल, सोनू कुरैशी, आदि उपस्थित थे।

## 16 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा में झारखण्ड सरकार के मानव कल्याण विभाग के तहत शिक्षा विभाग की ओर से छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम प्रखंड प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरपा के 16 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। वही प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों के लिये उन्नति का पहिया के तहत सरकार साइकिल दे रही है। जिसे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिये परेशानी न हो। सरकार और अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। छात्र छात्राएँ साइकिल का उपयोग विद्यालय आने जाने में करें और समय से विद्यालय पहुंचे। वही बेटे बेटियों के प्रति सरकार की सामान्य सोच है किसी भी तरह से पढ़ाई से कोई भी बच्चे बच्चियां वंचित न रहें। जिसके लिये सरकार द्वारा सभी को साइकिल दिया जा रहा है। साथ ही बच्चे बच्चियों को शिक्षा से जोड़ कर शिक्षित बनाने के लिये सरकार छात्रवृति, पुस्तक तथा मध्याहन भोजन दे रही है। जिसे पढ़ लिख कर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें और भविष्य को उज्ज्वल बना कर समाज को सुधारने की दिशा में काम कर सकें। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, शिक्षिका सोनमतिया मिंज के अलावे सभी छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## जय श्री राम समिति ने तीन यूनिट रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति के द्वारा दो पीड़ित मरीज को तीन यूनिट ब्लड दिया गया। जानकारी स्वरूप कुडु प्रखंड के हनहट उरांव टोली निवासी फुलमनी उरांव पति चारो उरांव एवं सदर अस्पताल नर्स की भाई दोनो सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया समिति ने तत्काल पहल करते हुए क्रमशः मन्हो समिति सदस्य लाल गौतम नाथ सहदेव, जिला सदस्य करण कुमार एवं शुभम कुमार ने उक्त पीड़ित मरीज को ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। नगर महामंत्री सुशील पटनायक ने कहा पीड़ितों की सेवा करने से अलग ही आनंद आती है गरीबों की चिंता और दुख दर्द समझने वाली अगर कोई है तो वह सामाजिक एवं धार्मिक संगठन जय श्रीराम समिति ही है जो समय-समय पर लोगों के लिए मिशाल पेश करती हैं। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, नगर महामंत्री सुशील पटनायक समेत आदि लोग मौजूद थे।

## राजीव गांधी भारत के महान सपूत थे : नेसार अहमद



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि आज देश सद्भावना दिवस मना रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री, राजीव गांधी, भारत के महान सपूत थे। उन्होंने करोड़ों भारतीयों में आशा की किरण जगाई और अपने अभूतपूर्व योगदान से भारत को 21वीं सदी में पहुंचा दिया। मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति, कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम और समावेशी शिक्षा पर जोर देने वाली नई शिक्षा नीति जैसे उनके कई सुखद क़दम देश में परिवर्तनकारी बदलाव लाए। हम भारत रत्न, राजीव गांधी को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

# आलोक साहू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से डॉ. रामेश्वर उरांव को कांग्रेस विधायक दल के नेता पद से हटाने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक पत्र लिखकर लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को पार्टी संविधान के खिलाफ काम करने के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता के पद से हटाने की मांग किये। श्री साहू ने पत्र में कहा कि कुछ दिन पहले आपने लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को झारखण्ड कांग्रेस विधायक दल का नेता मनोनीत किया था लेकिन डॉ रामेश्वर उराँव पार्टी के गरिमा के विपरीत जाकर कांग्रेस संविधान के खिलाफ काम किये है। डॉ रामेश्वर उरांव ने लोकसभा के चुनाव में अफसर कुरैशी जो चुनकर लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को हराने के लिए लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा के लिए काम किया था जिसका प्रमाण भी मौजूद है उसको अपना मंत्री प्रतिनिधि मनोनीत किये है। डॉ रामेश्वर उरांव के इस कृत्य से लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता काफी आक्रोशित है। जो कांग्रेस प्रत्याशी को हराने का काम कर हम सभी के नेता आदरणीय राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नहीं बनने देना चाहता है यह व्यक्ति अफसर कुरैशी की डॉ रामेश्वर उरांव ने अपना मंत्री प्रतिनिधि बनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मूंह में तमाचा मारने का काम किया है और ऐसे भी पहले सार्वजनिक रूप में डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा था कि हम राहुल गाँधी को अपना नेता नहीं मानते है। दो या तीन महीने के बाद विधानसभा का चुनाव झारखण्ड में होना है ऐसे में झारखण्ड विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव कांग्रेस संविधान के खिलाफ काम कर पार्टी को कमजोर करने का काम किया है इसका असर राज्य में होने वाले विधानसभा के चुनाव में पार्टी पर पड़ेगा। अतः अध्यक्ष महोदय से आग्रह है कि संगठन हित को देखते हुए एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल को ऊंचा करने के लिए डॉ रामेश्वर उराँव को कांग्रेस विधायक दल के नेता के पद से हटाने के कृपा करें।

# पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से मार कर की हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा थाना क्षेत्र के मलार टोली में सोमवार की देर रात पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी है। मृतिका की पहचान राखी मलारिन (35 वर्ष) के रूप में हुई है। पत्नी की हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित पति बेनामी मलार फरार है। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुए जांच-पड़ताल शुरु कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की बेनामी मलार हमेशा नशे में रहता था। साथ ही घर के कई सामानों को भी बेच कर नशा का सेवन करता था, इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच हमेशा कहा सुनी भी होती थी। इसकी शिकायत पत्नी राखी मलारीन द्वारा दो माह पूर्व भंडरा थाना पुलिस को भी दी गई थी। इसपर भंडरा थाना के अधिकारियों द्वारा बेनामी को समझाया गया था, परंतु सोमवार की देर शाम बेनामी मलार ने खाना खाने के दौरान अपनी पत्नी को धारदार हथियार से गला काटकर निर्मम हत्या कर दिया गया है। आरोपित के ससुर बिर्जन मलार ने कहा की आरोपित हमेशा नशे में रहता था। उसकी पत्नी कूड़ा उठाने का काम कर घर का जीविकापार्जन चलाती थी। इधर भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा की मामले की जांच चल रही है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## लचड़ागढ़ में बीर महापुरुष तेलंगा खड़िया की प्रतिमा का विधायक मद द्वारा जल्द होगा स्थापना



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लचड़ागढ़ पंचायत के लचड़ागढ़ में स्वतंत्रता सेनानी बीर पुरुष तेलंगा खड़िया की प्रतिमा स्थापना हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए कोलेबिरा बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी के निर्देश पर सिमडेगा अनुमंडल पदाधिकारी से मिले बिधायक प्रनिधिमंडल। हमारे झारखंड राज्य के सभी स्वत्रंता सेनानी को सम्मान देने की नीयत से कोलेबिरा बिधानसभा छेत्र में जगह जगह पर उन स्वत्रंता सेनानियों को सम्मान देने की मंशा के तहत उन स्वत्रंत्रता सेनानियों की प्रतिमा को स्थापित करने का काम कोलेबिरा बिधायक के द्वारा किया जा रहा है।इसी के आलोक में लचड़ागढ़ में कोलेबिरा बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने अपने बिधायक मद से प्रतिमा स्थापित करने के लिए कार्य आवंटित किया है।जिसके लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कोलेबिरा प्रखंड के अंचल अधिकारी को जिला 15 सुत्री सदस्य क्लेमेंट टेटे के द्वारा आवेदन दिया गया था।कोलेबिरा अंचल अधिकारी ने भुमि को सत्यापित कर प्रतिमा स्थापित करने के लिए अनुमति प्रदान करने के लिए सिमडेगा अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र प्रेषित किया था। कोलेबिरा बिधायक के निर्देश पर उनका प्रनिधिमंडल जिला बिधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा,15 सुत्री जिला सदस्य जमीर खान,जिला अल्पसंख्यक सचिव जमीर हसन सिमडेगा अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर अविलंब प्रतिमा स्थापित करने के लिए अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया।जिसपर अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा ने बिधायक प्रनिधिमंडल को आस्वस्त किया कि चूंकि उनका पदस्थापना होने से पूर्व का ये मामला है।अभी आपलोगों के द्वारा ये जानकारी मुझे दी गई है।मैं अविलंब इस मामले को संज्ञान में ले रहा हूँ तथा इसका निराकरण करते हुए प्रतिमा स्थापित करने के लिए अनुमति प्रदान कर दुंगा।

## सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना का लक्ष्य सभी सेविका पूरा करें : परमुनी देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक संपन्न हुई। आयोजित बैठक में पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने कहा कि वर्ष 2024-25 में सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना का 4000 लक्ष्य है। जिस में मात्र 2500 आवेदन प्राप्त हुआ है। तथा 2100 फॉर्म का ऑनलाइन इंट्री हो चुका है। आप सभी सेविकाएं लक्ष्य को प्राप्त करें सभी सेविका अपने अपने पोषक क्षेत्र का विद्यालय भ्रमण कर 8 वी से 12 कक्षा में पढ़ने वाली छात्राओं का आवेदन लें तथा विद्यालय के प्रधानध्यायपक से संपर्क कर जानकारी लें कि यदि सभी छात्रओं का आवेदन जमा हो गया है तो प्रमाण पत्र ले कर पता करें कि विद्यालय में किसी का आवेदन छूटा तो नही है। साथ ही सेविकाएं अपने अपने पोषक क्षेत्र में पता लगाए की मैट्रिक पास किए बच्चियां नमांकन कराए है की नही अगर नही कराए है तो अभिवाहक से संपर्क स्थापित कर पढ़ाने की अपिल करें। मौके पर रजनी देवी, समेरुन खातून, किरण कुमारी, गीता देवी, यशोदा भगत, टिंकी देवी, शांता मिंज, आयशा खातून, सबिता भगत, प्रमिला देवी सहित अन्य सभी आंगनबाड़ी सेविकाएँ उपस्थित थे।

# किसानों के बीच बतख चूजा का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत किसानों के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया। झारखण्ड सरकार द्वारा किसानों का आय वृद्धि के उद्देश्य से गाय, बकरी, बतख, मुर्गी, शूकर पालन सहित अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है। खेती कृषि के माध्यम से भी किसानों का आय व्रद्धि का योजना है। उसी निमित मंगलवार को ललेंद्र महतो, राजेन्द्र राम, मंगलेश्वर उरांव, सिकेन्द्र उरांव, सविता देवी, सीरिया देवी, शांति उरांव, राजू महली, तेतरी उराइन, रामप्रताप भगत, फूलदेव उरांव, रेणु उरांव, सरिता कुमारी, मुन्नी उराँव, रँथु उरांव, शंकर यादव, कुलदीप उराँव, महेश उराँव सहित 45 किसानों के बीच 15-15 बतख चूजा का वितरण किया गया। जिसे किसान बतख पालन कर समृद्ध हो सके। वही पशुपालन चिकित्सक डॉ.रोहित कुमार ने बताया कि झारखण्ड सरकार 90 प्रतिशत और 75 प्रतिशत अनुदानित मूल्य में किसानों को गाय, बकरी, शूकर, मुर्गी, बतख दे रही है जिसे किसानों का आय में वृद्धि हो और समृद्ध बने। मौके पर डॉ.मनोज कुमार, साहेब सिंह के अलावे अन्य सभी किसान मौजूद थे।

# मृतक भाजपा कार्यकर्ता के परिजनों से मिले भाजपा नेता श्रद्धानन्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** केरसई प्रखण्ड के किनकेल पंचायत के भाजपा कार्यकर्ता संजय उजरी का गरजा सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। जानकारी मिलते ही भाजपा सिमडेगा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा मृतक भाजपा कार्यकर्ता के परिजनों से मिले एवं उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। परजिनों ने पोस्टमार्टम मैं देरी होने की बात कही इस पर भाजपा नेता श्रद्धानंद ने मौके पर से अस्पताल प्रबंधन से बात कर जल्द पोस्टमार्टम कराया। भाजपा कार्यकर्ता के पार्थिव शरीर को पोस्टमार्टम करने से लेकर अंतिम समय तक भाजपा नेता दुःखीत परिजनों के साथ रहे और उन्हें ढांढस बंधाते रहे और कहा कि संजय उजरी भाजपा के ऊर्जावान कार्यकर्ता थे, उनके निधन पर भारतीय जनता पार्टी परिवार मर्माहित है एवं संवेदना प्रकट करती है।

## ओम प्रकाश सिंह ने डॉक्टर की हत्या के विरुद्ध राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने कोलकाता के आर जी कर अस्पताल में ट्रेनिं डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी तथा हत्या को शर्मनाक बताते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार हर स्तर पर बिफल रही है, राज्य में कानून व्यवस्था समाप्त हो गई है। गुंडे तथा असामाजिक तत्वों का राज्य सरकार पर कब्जा है, आम नागरिक विशेष कर महिलाएं राज्य में सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। इस घटना ने पूरे देश में हलचल पैदा कर दिया है, देश भर के स्वास्थ्य कर्मी डॉक्टर आवश्यक सेवा छोड़कर आंदोलन करने को मजबूर है, जिस तरह के जघन्य अपराध बंगाल में हो रहे हैं, यह साबित करता है कि राज्य में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। राज्य में सांप्रदायिक तत्व हावी है बांग्लादेशी घुसपैठिये बंगाल के रास्ते पूरे देश में फैल रहे हैं। राज्य सरकार का इस पर कोई अंकुश नहीं है। ऐसी स्थिति में बंगाल में ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाना हीं राज्य के हित में होगा।

# भाजपा ने 23 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास घेराव व आक्रोश रैली को लेकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस

## हेमंत सोरेन झारखंड को अपनी जागीर समझ बैठे हैं : समीर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कोई भी राज्य किसी राजनीति पार्टी का जागीर नही होती। उस राज्य की जनता 5 वर्षो के लिए चुन कर उसे सुशासन चलाने के लिए सौंपती है। जिसे 5 वर्ष बाद छीन भी सकती है, परंतु हेमंत सोरेन झारखंड को अपनी जागीर समझ बैठे है, जो उनकी बहुत बड़ी भूल है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य सभा सांसद समीर उराँव ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि झारखंड की ठगबंधन की सरकार युवाओ को ठगने का काम किया है। चुनाव के समय प्रत्येक वर्ष 5 लाख युवाओं को नॉकरी या बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने का लॉलीपॉप दिखाया गया था। पांच वर्षो में किसी युवा को भत्ता नही दी गई, और इन पांच वर्षो में सिर्फ 25 हजार युवाओ को ही नॉकरी मिला। जिससे युवाओ में भारी आक्रोश है।प्रदेश के सभी युवा ऐसी निक्कमी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उतावली है। हेमंत सरकार द्वारा लायी गयी मैईयां योजना सहित सभी योजनाए सिर्फ प्रलोभन देने वाली साबित हुई।उन्होंने कहा कि किसानों का लोन माफी के लिए हेमंत सोरेन केंद्र पर आश्रित है। लोन माफी की चुनावी घोषणा हेमंत सोरेन ने किया है लोन माफी के लिए उतनी राशि राज्य सरकार को बैंको में जमा करनी चाहिये थी। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त को लाखों की संख्या में आक्रोशित युवा रांची पहुंच मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे व सरकार की ताबूत में अंतिम कील ठोकने का काम करेंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम सिंह, माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री चंद प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, राज मोहन राम, पूर्व महामंत्री, बालकृष्ण सिंह, उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, पशुपति नाथ पारस, अनिल उरांव, सरिता देवी, मीडिया प्रभारी विजय सोनी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार आदि उपस्थित थे।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर तैयारियां हुई पूरी

# आज होगा फुटबॉल के महाकुम्भ का आगाज, आपस में टकराएंगे फुटबॉल के महारथी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर के एक आवश्यक बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज के द्वारा किया गया, जिसमें सभी तैयारी के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया एवं भिन्न-भिन्न कार्यो के लिए टीम गठित कर कार्यभार सोपी गई, बताते चलें कि आज 21 अगस्त 2024 दिन बुधवार को डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया जा रहा है, जिसमें अंतर राज्यीय टीमें भाग ले रही है जैसे छत्तीसगढ़, बंगाल, उड़ीसा झारखंड की टीमें शामिल हो रही है जो की जबरदस्त खेल का प्रदर्शन देखने को मिलेगा, जिसमें प्रथम पुरस्कार 151000एवं एक बड़ा ट्रॉफी, एवं द्वितीय पुरस्कार 75000 एवं बड़ा ट्रॉफी रखा गया है, टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए कमेटी के सभी मेंबर मेंबर जी जान से लगे हुए हैं बैठक में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष मोहम्मद कयूम, उपाध्यक्ष असफाक आलम, पिंटू कुमार सिंह, सचिव अरशद अफरीदी, उपसचिव वेद प्रकाश प्रधान, मोहम्मद हाशिम, कोषाध्यक्ष साजिद आलम उर्फ टीपू, मंच संचालन श्यामसुंदर मिश्रा, खेल प्रभारी राजा आलम, असजद अफरीदी, सदस्य गन मो फ़िरदौस, अभिषेक विश्वास, अब्दुल वाहिद, मो वसीम, मो आवेश, कामरान ,काशिफ, राजा, तहसीन, साजिद, पप्पू शाह, मिथलेश पांडे, कपिल, इमरान, हेमंत, मनोज, कारू, आसिफ, नवाब, मुख्तार, आसिफ , हलीम, शुभम, सोनू , इसाक आदि मौजूद थे। बैठक में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष मोहम्मद कयूम के द्वारा बताया गया कि फाइनल मैच के दिन प्रखंड के सभी मंडलियों के बीच जदूर नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रथम आने वाली मंडली को 25 किलो का डेग, द्वितीय आने वाली मंडली को 20 किलो का डेग एवं तृतीय आने वाली मंडली को 15 किलो का डेग दिया जाएगा। बाकी प्रतिभागियों को संतान पुरस्कार के तौर पर दरी दी जाएगी।

## नव युवा गणपति क्लब नावाडीह-बजोबार की हुई बैठक, क्लब का हुआ गठन



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नावाडीह में नवयुवक गणपति क्लब नावाडीह-बाजोबार की हुई बैठक। बैठक के अध्यक्षता फूलचंद दांगी व संचालन समाजसेवी रामचंद्र दांगी ने किया। बैठक में निम्न बिंदुओं पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। साथ ही गणपति पूजा को सफल बनाने को लेकर क्लब का गठन हुआ। सर्व समिति से अध्यक्ष राहुल कुमार दांगी, उपाध्यक्ष बैजनाथ दांगी, सचिव श्रवण कुमार, कोषाध्यक्ष कृष्णा दांगी को मनोनीत किया गया एवं कई रूपरेखा बनाया गया। इस मौके पर विश्वजीत कुमार, राजू दांगी, सुनील कुमार, नरेश दांगी, संजय दांगी, पवन कुमार, नवरत्न कुमार के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

चलते चलते एक नजर

## आशीर्वाद मिला तो भ्रष्टाचार को खत्म करूंगा : डॉ. एमएन खान



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** यदि आने वाले विधानसभा चुनाव में उन्हें लोगों का आशीर्वाद मिलता है तो वह सबसे पहले चिनिया प्रखंड में भ्रष्टाचार को खत्म करने का कार्य करेंगे। उक्त बातें एआईएमआईएम के तत्वावधान में चिनिया प्रखंड के रणपुरा बाजार में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम के दौरान एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा के प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान ने कही। रणपुरा बाजार में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर खान ने कहा कि चिनिया प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। ऐसे में यहां की जनता को कोई भी कार्य करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं चिनिया प्रखंड के चहुमुखी विकास को लेकर हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा की चिनिया प्रखंड के लोग आज मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां ना तो सड़क बिजली की समुचित व्यवस्था है और नहीं पेयजल की। यहां के लोगों को परेशानी झेलना पड़ती है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गोपाल चौधरी, जिला सचिव अशोक चौधरी, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, जिला उपाध्यक्ष महफूज अंसारी, इदरीश अंसारी, मेराल प्रखंड उपाध्यक्ष मुजाहिद अंसारी, युवा के जिला अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, हसनैन मंसूरी, शराफत अंसारी, गढ़वा प्रखंड सोशल मीडिया प्रभारी दाऊद इब्राहिम, सुनील यादव, मुन्ना कुमार, दशरथ सिंह खरवार आदि उपस्थित थे।

## जदयू के झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी 21 अगस्त को आएंगे जमशेदपुर



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ. अशोक चौधरी 21 अगस्त को रेल मार्ग से जमशेदपुर पहुंचेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने मंगलवार को बताया कि डॉ अशोक चौधरी जमशेदपुर के माइकल जॉन स्टेडियम में आयोजित जदयू मिलन समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य खीरू महतो, विधायक सरयू राय भी उपस्थित रहेंगे। जमशेदपुर स्टेशन में जदयू कार्यकर्ता डॉ अशोक चौधरी का स्वागत करेंगे।

# पलामू में अब 22 को आएंगे सीएम : मिथिलेश ठाकुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 21 अगस्त को पलामू में आयोजित कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री अब 22 अगस्त को अपने निर्धारित कार्यक्रम झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का शुभारंभ करने पलामू आएंगे। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर 21 अगस्त को आयोजित भारत बंद के समर्थन में मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।जानकारी देते हुए झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि एससी, एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने 21 अगस्त को भारत बंद का ऐलान किया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को एससी, एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर बनाने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कहा कि जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है उन्हें आरक्षण में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इस फैसले को वापस लेने की मांग पर भारत बंद का आह्वान किया गया है। मंत्री ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं झारखंड सरकार भारत बंद का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में केंद्र सरकार को अध्यादेश लाकर आरक्षित वर्ग के हित में उचित निर्णय लेना चाहिए। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने देना चाहती है। झामुमो एवं झारखंड सरकार बंद समर्थकों के साथ है।

## प्रदेश कांग्रेस ने मनाई भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वीं जयंती कांग्रेस भवन रांची में मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक दल नेता डॉक्टर रामेश्वर उरांव और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राजीव गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने राष्ट्र के विकास के लिए अपने दूरगामी सोच के तहत देश में कंप्यूटरीकरण की शुरुआत की। युवाओं को लोकतंत्र के फैसले में सीधे भागीदार बनाने के लिए मतदान की उम्र सीमा को 18 वर्ष करने का काम किया, जो आज भी एक उदाहरण के रूप में विश्व के सामने है। देश के विकास में ग्रामीण क्षेत्र की भूमिका को समझते हुए उन्होंने पंचायती राज को सुदृढ़ करने के लिए कई कदम उठाए, जिससे विकासशील देश से विकसित भारत की ओर एक मजबूत कदम की शुरुआत हुई। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि दूरदृष्टि पक्का इरादा की सोच रखने वाले राजीव गांधी के आदर्शों को हमें आत्मसात करना चाहिए। देश की ज्वलंत समस्याओं को अपने राजनीतिक कौशल से हर संभव दूर करने का प्रयास उन्होंने किया था। तकनीकी विकास और मजबूत विदेश नीति से भारत को विश्व के अग्रणी मोर्चे पर खड़ा किया। देश के युवा प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने रोजगारपरक शिक्षा नीति को बढ़ावा दिया और उनके द्वारा लिए गए फैसले आज भी भारतीय जनमानस के बीच उनको अहम नेताओं में शुमार करती है।

## इसरो के अध्यक्ष ने स्पेस टेक्नोलॉजी के लिए लांच किया एआईसीटीई मॉडल करिकुलम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को स्पेस टेक्नोलॉजी के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) मॉडल करिकुलम लांच किया गया। एआईसीटीई ने इसरो, इंडियन स्पेस एसोसिएशन (आईएसपीए) और इनस्पेस के सहयोग से क्रिएटिंग ए स्पेस ईकोसिस्टम- ए न्यू एरा-इग्नाइटिंग यंग माइंड्स फॉर स्पेस एक्सप्लोरेशन शीर्षक से आज एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें स्पेस टेक्नोलॉजी के लिए एआईसीटीई मॉडल करिकुलम लांच किया गया। इसके साथ ही डॉ. एस. सोमनाथ और डॉ. एस. उन्नीकृष्णन नायर द्वारा सह-लिखित पुस्तक 'इंट्रोडक्शन टू फाइनाइट एलिमेंट एनालिसिस' का विमोचन किया गया। अंतरिक्ष उद्योग में उच्च शिक्षा को और बढ़ावा देने के लिए एआईसीटीई और आईएसपीए के बीच एक समझौता ज्ञापन का भी आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अंतरिक्ष विभाग के सचिव, अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष और इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन, आईएसपीए के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल ए.के. भट्ट (सेवानिवृत्त), एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम, विदेश मंत्रालय में न्यू एंड इमर्जिंग एंड स्ट्रैटजिक टेक्नोलोजीस के संयुक्त सचिव महावीर सिंघवी, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक एस. उन्नीकृष्णन नायर, आईएसपीए के निदेशक विंग कमांडर सत्यम कुशवाहा और एआईसीटीई के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार शामिल रहे।

निजी खर्च से राजा हरिश्चंद्र घाट पर प्रतिदिन पानी भेजने का अरुणा शंकर ने लिया निर्णय

# बाबू भाई का निधन दुखद : अरूणा शंकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने राजा हरिश्चंद्र घाट जाकर आनंद कुमार बाबू उर्फ बाबू भाई चंद्रवंशी का अंतिम दर्शन किया। प्रथम महापौर ने कहा कि एक मिलनसार व्यक्ति हम सबों के बीच नहीं रहे। उनकी कमी सबों को खलेगी। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।ठ्प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने राजा हरिश्चंद्र घाट की व्यवस्था को भी देखा। उन्होंने कहा कि चुकी मुझे यहां आने का मौका नहीं मिलता है। मैं घर पर ही जाकर किसी के यहां कोई घटना होने पर अंतिम दर्शन कर लेती हूं। लेकिन आज यहां आने पर पता चला कि नदी के किनारे होने के बावजूद राजा हरिश्चंद्र घाट में पानी की बहुत समस्या हो रही है द्य हरिशचंद्र घाट में बोरिंग जो मैंने कराई थी उसमें 700 फीट में भी पानी नहीं मिला द्य प्रथम महापौर ने कहा कि मैं दो-तीन दिनों के अंदर अपने निजी खर्च से प्रतिदिन सुबह शाम टैंकर से पानी भेजूंगी। प्रथम महापौर ने चेंबर के प्रशंसा करते हुए कहा कि आज चेंबर के सदस्यों के बदौलत हमारा हरिश्चंद्र घाट स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित है। और मात्र 3500 रुपए में सफाई से लेकर डोमराजा तक लकड़ी सहित व्यवस्था दी जा रही है, जो प्रशंसनीय है।

झामुमो युवा मोर्चा पलामू ने निकाला भव्य बुलेट रैली

# पलामू की बहनों को हेमंत सोरेन 22 को देंगे सौगात : राजेंद्र सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झामुमो युवा मोर्चा पलामू के द्वारा सैकड़ों बुलेट के साथ बुलेट रैली का आयोजन किया गया। इस बुलेट रैली का नेतृत्व झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने किया और अध्यक्षता झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी और युवा मोर्चा सचिव आशुतोष विनायक ने किया। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी 22 अगस्त को मईया सम्मान योजना का सौगात देने पलामू आने वाले हैं। इसी के प्रचार प्रसार हेतु झामुमो युवा मोर्चा द्वारा जिला कार्यालय से छौ मुहान और चैनपुर बाजार से बेलवाटिका, रांची रोड होते हुए एयरपोर्ट पर रैली की समाप्ति हुई। रैली में उपस्थित अध्यक्ष सिन्हा ने कहा, हमारे युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पलामू की बहनों को सौगात देने आने वाले हैं। हमारी बहनों को मईया सम्मान योजना मजबूत बनाएगी। आज यह योजना हर घर का चर्चा बन चुका है और बहनों की खुशियों का कारण बना है। युवा मोर्चा इस रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के सभी जन कल्याणकारी योजना के प्रचार प्रसार और लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है, जिला कमिटी की तरफ से युवा मोर्चा को साधुवाद। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, मनोज गुप्ता, वरिष्ठ नेता देवेंद्र तिवारी, अभिषेक सिंह, दीपक तिवारी, अविनाश देव, विनय सिंह और हाजी ललन, उपस्थित थे। युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कहा, माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी दूरदर्शिता ने हमेशा झारखंड को जनकल्याण कारी योजनाओं का सौगात दिया है। आज हमारी माता बहनों के चेहरों पर मुस्कान है, हर घर को मजबूत बनाने का संकल्प झारखंड सरकार पूरा कर रही है। झारखंड के युवाओं की पहली पसंद हेमन्त सोरेन हैं। इस मौके पर सचिव सन्नू सिद्धिकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी, राजेश सिन्हा,असफर रब्बानी, कमाल खान, संगठन सचिव अनुराग सिंह, बबलू सिंह, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# थाईलैंड में एशिया एचीवर्स व भारत के गौरव अवार्ड से नवाजे गए पर्यावरणविद डॉ कौशल

*थाईलैंड के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी ने डॉ कौशल किशोर जायसवाल को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छः दिवसीय विदेश यात्रा के दौरान थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक स्थित होटल हॉलिडे इन में आयोजित कार्यक्रम में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन ऑफ झारखंड डॉ कौशल किशोर जायसवाल को वहां के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी के हाथों एशिया एचीवर्स व भारत गौरव नामक अवार्ड से नवाजे गए।

डॉ कौशल ने बताया कि उनके द्वारा चलाया गया निशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 58 वां वर्ष और वनराखी मूवमेंट के 48 वां वर्ष पूरा होने पर थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के होटल हॉलीडे ईन में मोटिवेशनल स्पीकर पॉल नरूला की ओर से आयोजित सम्मान समारोह का उद्घाटन थाईलैंड के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी, पॉल नरूला , डॉ राजू खान, डॉ,जफर और पर्यावरणविद डॉ कौशल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी ने एशिया एचीवर्स व भारत के गौरव अवार्ड से डॉ कौशल को सम्मानित करते हुए कहा डॉ कौशल द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में लंबे अरसे से जो निःशुल्क कार्य किया जा रहा है वह दुनियां के लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ है।

उन्होंने कहा कि भारत थाईलैंड दोनों देशों की मित्रता लंबे अरसे से चलते आ रहा है और आगे भी जारी रहेगा।डॉ कौशल को विदेशों में छठा और जीवन का 65 वां अवार्ड मिला है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के अनुसार अतिथियों को पौधा देने का विधान है। कार्यक्रम में डॉ कौशल और उनके पुत्र अरुण कुमार जायसवाल एवं रोहित जायसवाल ने सभी अतिथियों को भारत से अपने साथ ले गए पौधा भेंट कर उनका सम्मान किया। डॉ कौशल ने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों को भारत आने का आमंत्रण भी दिया। अतिथियों ने पर्यावरण धर्म गुरु को बधाई देते हुए ट्री मैन का आमंत्रण स्वीकार कर अपनी सहमति जताई।

वन राखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने बैंकॉक में अपने संस्था का विस्तार करते हुए निशुल्क पौधा वितरण व रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर 2024 का वनराखी मूवमेंट का शुभारंभ किया। छः दिवसीय विदेश यात्रा से अवार्ड लेकर लौटने पर उनके पड़ोसियों,ठ्परिजनों एवं शुभचिंतकों ने पर्यावरणविद डॉ कौशल व पुत्र अरुण जायसवाल का डालटनगंज स्टेशन पर भव्य स्वागत किया। मौके पर डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी से जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, सूरज , विकास,आराध्या,आशिविका,आद्रिक 15अनुषा,सत्य सिंह,संतोष, रामू व छोटू मौजूद थे।

